डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel
search rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 08.02.2021 से 14.02.2021

हर शहर सुंदर, स्वच्छ तथा सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त होगा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में नगरीय विकास का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। प्रदेश के हर शहर को सुंदर, स्वच्छ और बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए तेज गति से कार्य किया जा रहा है। हर नगर का पंचवर्षीय रोडमैप बनाया जा रहा है, जिसके अनुसार सुनियोजित विकास होगा। नगरों में सभी भाई-बहनों के पक्के मकान हो जायें, इसका प्रयास सरकार कर रही है। पथकर व्यवसाइयों को रोज़गार के लिए 10 हजार रुपये बिना ब्याज और बिना गारंटी के ऋण दिलाया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न नगरीय निकायों की जलप्रदाय योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में विभिन्न जलप्रदाय योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से साल में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज चिन्हित निजी अस्पतालों में भी मिलता है।

पहले हैंडपंप से पानी लेते थे अब नल से आ रहा है पानी

श्री चौहान ने नगरीय निकायों के नागरिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी किया। गुना की नागरिक मंजु कुशवाह ने बताया कि पहले उन्हें हैंडपंप से पानी लेना पड़ता था, अब घर पर ही नल से पानी मिल रहा है।

मुख्यमंत्री को संवाद के दौरान पीथमपुर की श्रीमती संध्या शर्मा ने बताया कि पहले नगर में 2-3 दिन छोड़कर पानी मिलता था। अब नर्मदा पेयजल योजना से हर दिन पर्याप्त पेयजल मिल रहा है। इससे नगर की सभी महिलाएं खुश हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान को बड़ा मलहरा नगरीय निकाय के श्री देवशंकर शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में पहले गर्मियों में पानी की बहुत समस्या आती थी। नई पेयजल योजना आ जाने के बाद यह समस्या दूर हो जाएगी। क्षेत्र में काठन सिंचाई परियोजना भी आ रही है, जो क्षेत्र के लिए वरदान सिद्ध होगी। श्री चौहान ने पेयजल योजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बड़ा मलहरा महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू किया जाएगा।

142 करोड़ की 7 योजनाओं का भूमि पूजन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एडीवी योजना में नगर परिषद धामनोद की 19 करोड़ 55 लाख रुपये, नगर परिषद जेरोनखालसा की 21 करोड़ 50 लाख रुपये, नगर परिषद कारी की 20 करोड़ 29 लाख रुपये, नगर परिषद लिधोराखास की 20 करोड़ 52 लाख रुपये और विश्व बैंक योजना में नगर परिषद बड़ा मलहरा की 25 करोड़ 90 लाख रुपये, नगर परिषद सेवढ़ा की 26 करोड़ 52 लाख रुपये और नगर परिषद नईगढ़ी की 7 करोड़ 51 लाख रुपये की जलप्रदाय परियोजनाओं का भूमि पूजन किया।

शहरों में हर घर को मिलेगा स्वच्छ पानी

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि शहरी पेयजल योजनाओं के माध्यम से अब हर घर तक नल से स्वच्छ पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिन पेयजल योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, वे शीघ्र पूर्ण होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश नगरीय विकास विभाग की योजनाओं सहित सभी विभागों की योजनाओं में अग्रणी है। इस अवसर पर निर्देश दिए गये कि जिन पेयजल योजनाओं का कार्य पूरा नहीं हुआ है, उनकी मॉनीटरिंग कर उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए।

225 करोड़ की 12 योजनाओं का लोकार्पण

श्री चौहान द्वारा लोकार्पित 12 जल-प्रदाय योजनाओं से 12 नगर के लगभग 4 लाख 80 हजार नागरिक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में नगर परिषद हनुमना की 13 करोड़ 35 लाख रुपये, नगर परिषद अमानगंज की 12 करोड़ 89 लाख रुपये, नगर परिषद नागोद की 18 करोड़ 18 लाख, नगर परिषद कुरवई की 11 करोड़ 94 लाख रुपये, नगर परिषद बुधनी की 7 करोड़ 34 लाख रुपये, नगर परिषद गोविंदगढ़ की 8 करोड़ 37 लाख रुपये, नगर परिषद भानपुरा की 7 करोड़ 92 लाख रुपये, नगर परिषद बड़ौद की 7 करोड़ 29 लाख रुपये, नगर पालिका उमरिया की 14 करोड़ 70 लाख रुपये और नगर परिषद छापीहेड़ा की 4 करोड़ 95 लाख रुपये की जल-प्रदाय परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

स्ट्राइव योजना

मध्यप्रदेश के 20 शासकीय आईटीआई का चयन

भोपाल, विश्व बैंक द्वारा सहायता प्रदत्त भारत सरकार की स्किल स्ट्रेन्थिनिंग फॉर इण्डस्ट्रियल वेल्यू एन्हेंसमेंट (STRIVE) योजना के तहत प्रदेश के 20 शासकीय आईटीआई का चयन किया गया है। प्रथम चरण में 8 शासकीय आईटीआई मण्डीदीप, खरगोन, उमरिया, रतलाम, बालाघाट, सिंगरौली, छिंदवाड़ा और एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल शामिल हैं। स्ट्राइव योजना के दूसरे चरण में 12 शासकीय आईटीआई शिवपुरी, देवास, शाजापुर, सिवनी, कटनी, टीकमगढ़, छपारा (सिवनी जिला), हरदा, छतरपुर, अनूपपुर, झाबुआ और आईटीआई खंडवा का चयन हुआ है।

उल्लेखनीय है कि स्किल स्ट्रेन्थिनिंग फॉर इण्डस्ट्रियल वेल्यू एन्हेंसमेंट योजना का उद्देश्य आईटीआई और अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार करना है। स्ट्राइव के अन्तर्गत प्रदेश के 20 शासकीय आईटीआई को प्रशिक्षण गुणवत्ता तथा इण्डस्ट्री लिंकेज बढ़ाने के लिए 150 से 250 लाख रुपये का अनुदान प्रति आईटीआई प्राप्त होगा।

विज्ञान महाविद्यालयों में शुरू होंगे कृषि एवं चिकित्सा के पाठ्यक्रम

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में विभागीय समीक्षा में कहा कि विज्ञान महाविद्यालयों में कृषि एवं चिकित्सा के पाठ्यक्रमों को भी शुरू कराया जायेगा। इससे व्यावसायिक एवं रोज़गारमूलक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के मान से प्राध्यापकों की व्यवस्था युक्ति-युक्तकरण के माध्यम से सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षाएं समय-सीमा में आयोजित की जायें।

खास खबर

जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा

भोपाल, प्रदेश में जनजातीय वर्ग के शैक्षणिक सुधार के लिये एक लाख 50 हजार 370 विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिये 2629 छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। जनजातीय वर्ग की छात्राओं के लिये 943 और छात्रों के लिये 1686 जूनियर, सीनियर और उत्कृष्ट छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। इन आवासीय छात्रावासों में 53 हजार 74 कन्या और 97 हजार 296 बालक अध्ययन कर रहे हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

समाधान ऑनलाइन

उपार्जन के बाद किसान को भुगतान में नहीं की जायेगी देरी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन के बाद संबंधित किसान को यदि उसकी उपार्जित फसल का भुगतान नहीं किया जाता है तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की संपत्ति नीलाम कर किसान को भुगतान कराया जाए। साथ ही दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाए। सभी जिले के कलेक्टर इस संबंध में जांच करा लें कि उनके जिले में कोई ऐसा प्रकरण लंबित तो नहीं है।

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर जिले के एक प्रकरण में कृषक को उपार्जित गेहूं का भुगतान नहीं किए जाने तथा राशि का संबंधित सोसाइटी द्वारा फर्जीवाड़ा किए जाने पर कलेक्टर ग्वालियर द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना की। कलेक्टर द्वारा न केवल संबंधित सोसाइटी के पदाधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई अपितु उसकी संपत्ति नीलाम कर कृषक को उपार्जित गेहूं की पूरी राशि दिलवाई गई।

श्री चौहान ने नीमच जिले के श्री रामेश्वर लाल के प्रकरण में निर्देश दिए कि पशु मृत्यु पर समय-सीमा में बीमा क्लेम हितग्राही को दिलाना सुनिश्चित किया जाए। प्रकरण में श्री रामेश्वर की भैंस की मृत्यु होने पर उन्हें 3 वर्ष में भी भुगतान नहीं हुआ था। अब उन्हें भुगतान करा दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने भिंड जिले के आवेदक श्री केशव सिंह की शिकायत पर तत्कालीन सीईओ जनपद पंचायत को निलंबित करने के निर्देश दिए। प्रकरण में हितग्राही को शौचालय निर्माण के पैसे नहीं मिले थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हितग्राही को लाभ प्रदान करने में विलंब करने पर दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। टीकमगढ़ के आवेदक श्री दलपत सिंह रायकवार के प्रकरण में श्री चौहान ने निर्देश दिए कि बच्चियों के लापता होने के प्रकरणों में जब तक बच्ची वापस न मिल जाए तब तक प्रकरण को क्लोज न किया जाए।

मध्यप्रदेश में कर संग्रहण के लिए मिशन मोड में करें कार्य - मुख्यमंत्री

भोपाल, सभी विभाग कर संग्रहण के लिए मिशन मोड में कार्य करें। नागरिकों को जागरूक कर अधिक से अधिक कर संग्रहण किया जाये तथा कर अपवंचन रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई की जाए। कर संग्रहण के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के अधिकारी मिलकर कार्य करें। कोरोना की चुनौती के बावजूद जीएसटी सहित अन्य करों के संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कर संग्रहण वाले विभिन्न विभागों की राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा करते हुये कहीं।

जीएसटी से 4542 करोड़ रुपये मिलेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी संग्रहण में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। राज्यांश के रूप में मध्यप्रदेश को 4542 करोड़ रुपये मिलेंगे, जिसमें से 3866 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। यह कोरोना संकट काल में बड़ी राहत है।

बैठक में बताया गया कि वेट संग्रहण में प्रदेश में जनवरी माह की प्राप्ति गत वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। आगामी माहों में भी अधिक संग्रहण का अनुमान है।

आबकारी आय में वृद्धि

प्रदेश की आबकारी आय में भी जनवरी माह में गत वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है। गत वर्ष जनवरी माह में 839 करोड़ की राजस्व प्राप्ति थी, इस वर्ष जनवरी में 928 करोड़ रुपये रही है।

स्टाम्प एवं पंजीयन राजस्व की समीक्षा में पाया गया कि गत दिसम्बर माह में 2 प्रतिशत ड्यूटी कम करने से गत वर्ष की तुलना में 94 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हुई।

खनिज आय में 25 से 30 प्रतिशत वृद्धि

खनिज आय में सितम्बर 2020 से अभी तक लगभग 25 से 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जनवरी माह में 553 करोड़ रुपये खनिज राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि गत वर्ष जनवरी में 428 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ था।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

महानगरों के साथ नगरपालिकाओं और ग्राम पंचायतों का बनेगा रोडमैप

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सागर जिले के रोडमैप-2026 की समीक्षा करते हुये।

सागर, बुंदेलखंड क्षेत्र में सागर एक प्रमुख नगर है। सागर का सुनियोजित विकास किया जायेगा। सागर शहर के विकास तथा निवेश की दृष्टि से ढाना हवाई पट्टी के विकास की कार्य योजना बनाई जायेगी। महानगरों के विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। आगे नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों के विकास के लिये भी रोडमैप बनाया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर में सागर एवं मकरोनिया नगरपालिका क्षेत्र के वर्ष 2026 तक के रोडमैप की समीक्षा करते हुये कहीं। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री दीपक सिंह ने प्रजेंटेशन के माध्यम से रोडमैप की विस्तृत जानकारी दी।

सागर स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया एप तैयार किया गया है। 'निर्भया सागर' एप को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सराहा तथा इसे एक अच्छा प्रयोग बताया। उल्लेखनीय है कि निर्भया सागर एप के माध्यम से महिलाएं आवश्यकता पड़ने पर पैनिक बटन के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकेंगी। इस एप को स्मार्ट सिटी के कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर से संचालित किया जाएगा।

स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम 10 में आने का करें प्रयास

मुख्यमंत्री ने सागर जिले को स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में प्रथम 10 में आने के प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को टीम भावना से मिलकर एक अभियान के रूप में कार्य करना होगा। उल्लेखनीय है कि इस बार सागर को ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा मिला है। अब सागर जिला स्टार रेटिंग तथा वाटर प्लस रैंकिंग के लिए कार्य कर रहा है।

आहार एप से जरूरतमंदों को पहुंचाएं भोजन

श्री चौहान ने समीक्षा के दौरान आहार एप के प्रयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस एप से किसी समारोह या घर में बचे हुए भोजन की जानकारी अपलोड की जा सकती है, जिसे स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जरूरतमंदों को पहुंचाया जा सकता है।

शहर में एक पार्क ऐसा बनायें जो बने शहर की पहचान

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शहर में एक ऐसा पार्क विकसित किया जाए, जो शहर की पहचान बनकर उभरे। सागर एवं अपने परिवार में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस पार्क में जाए।

श्री चौहान ने इन्क्यूबेशन सेंटर और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहर के युवा, जो स्टार्टअप खोलने के इच्छुक हैं, के लिए इंदौर इन्क्यूबेशन सेंटर की तर्ज पर सागर शहर में ही आवश्यक प्रशिक्षण तथा स्टार्टअप से संबंधित बुनियादी ट्रेनिंग दी जाये।

समय-सीमा में पूर्ण हो एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य

श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर भ्रमण के दौरान निर्देश दिए कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में किया जाए।

सौ हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का हुआ शुभारंभ

भोपाल, आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने मंत्रालय से प्रदेश के 100 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का ऑनलाइन शुभारंभ किया।

भारत सरकार से प्रदेश के लिये 362 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसमें से प्रथम चरण में 100 सेंटरों का शुभारंभ किया गया। सेंटर में आयुष चिकित्सा के साथ योग, पंचकर्म एवं पैथोलॉजी की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। आमजन को उनकी दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं प्रकृति परीक्षण कर रोगों से बचाव तथा रोग होने पर आहार-विहार की जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। सेंटर में औषधीय पौधों के हर्बल गार्डन बनाये गये हैं। औषधीय पौधों के उपयोग से रोगों की रोकथाम की जानकारी तथा उन्हें घर में लगाने एवं उनकी खेती के लिये प्रेरित किया जायेगा।

इस अवसर पर श्री कांवरे ने कहा कि सेंटर पर योग समय पर हो तथा डॉक्टर निर्धारित समय पर उपलब्ध रहें। साथ ही हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

अंग्रेजी एवं हिन्दी की पृथक बैच

तथागत
I.A.S. एवं M.P.P.S.C. के लिये सर्वश्रेष्ठ संस्थान
Effort is important, but knowing where to make an effort makes all the difference.

UPSC / MPPSC
■ Target & Foundation Batch ■ Digital Class Room

टीम तथागत
विश्वास सर (अनुभव 12 वर्ष) | प्रतीक सर (अनुभव 5 वर्ष) | अमित सर (अनुभव 5 वर्ष) | विशाल सर (अनुभव 5 वर्ष) | शिवम सर (अनुभव 5 वर्ष)

✓ समसामायिक विषयों पर साप्ताहिक चर्चा – योजना, कुरूक्षेत्र, पीआईबी एवं फ्रन्टलाईन पर
✓ प्रतिदिन समाचार पत्रों पर चर्चा – द हिन्दू, इंडियन एक्सप्रेस,
✓ उत्तर लेखन पर विशेष मार्गदर्शन
✓ प्रतिदिन क्लास टेस्ट (पिछली क्लास लेक्चर पर आधारित)

125+ Students qualify for MPPSC Mains-2019

अपनी सफलता सुनिश्चित करें
Registration Open

Vedant ADVT

टॉप फ्लोर, आरेंज बिजनेस पार्क, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुआँ, इन्दौर
Mob.: 8839177961, 8435181328 https://t.me/tathagatias

R-45159/2021

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
Build Your Own Success Story

UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSC को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान
प्रयासKSG

Our Proud Achievers (MPPSC)
Rachna Sharma 2nd Rank | Gagan Bisen 7th Rank | Tanmay 15th Rank

MPPSC
SPECIAL PRELIMS OFFLINE BATCH
Both English and Hindi Medium

DEMO CLASS AVAILABLE
TEST SERIES AVAILABLE
Admission Open

दिल्ली एवं म.प्र. के अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन
Convenience through Online mode with the same quality of Offline Classes
93029 63679, 72239 01339, 0755-4940022

R-45162/2021

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हे साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित संस्थान

3 YEARS PROGRAM
UPSC (HINDI MEDIUM) SPECIAL BATCH
START FROM : 22 FEB'21
OPTIONAL SUBJECT AVAILABLE
HISTORY & GEOGRAPHIC

15 FEB'21
MPPSC PRE + MAINS (HINDI MEDIUM)

8 FEB'21
MPSI NEW BATCH STARTED

NEW BATCH START
SSC | BANK

हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973

R-45160/2021

स्वर्णिम सफलता का एकसफर वर्ष 2003 से... सतत प्रगति निरंतर नई ऊंचाइयां...
नरेंद्र सिंह सोमवंशी
(जहां सफलता ही धर्म है)
कौटिल्य एकेडमी
शाखा जबलपुर
18 YEARS OF EXCELLENCE
UPSC | MPPSC | MPSI | VYAPAM | SSC | CI-II | ADPO | BANK

प्रवेश प्रारंभ
सभी नए बैचेस प्रारंभ 12 फरवरी
प्रदेश में सबसे ज्यादा सलेक्शन देने वाला संस्थान

फ्री संकल्प स्कॉलरशिप टेस्ट, अभी रजिस्ट्रेशन कराएं !
सभी बैचेस हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में
- MPPSC -1 YEAR BATCH
- MPPSC/ UPSC - 3YEAR BATCH
- MPSI/SSC/CONSTEBLE - BATCH

TEST SERIES MPPSC PRE-2020 MPPSC MAINS- 2019 ऑनलाइन/ऑफलाइन दोनों माध्यम में उपलब्ध
पता:-अंबिका टावर, होटल सत्य अशोका रोड, इलाहाबाद बैंक के ऊपर, राइट हाउस जबलपुर
911110-0382
911110-0383

R-45161/2021

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
Limited Seats ADMISSION OPEN - PARAMEDICAL

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Limited Seats NURSING

M.Sc. Nursing	Med Surg. / Psychiatric/ Obg & Gyn/ Paediatric Community Health. Duration - 2 Years, Eligibility : B. Sc.(N)/P.B.B.Sc.(N) with 1yr exp.
G.N.M. Nursing (Diploma)	Duration - 3 Years, Eligibility: 10+2 with 40% marks (Course under M.P. Nurses Registration Council, Bhopal)

1800 120 800 005, 098262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)

R-45163/2021

सम्पादकीय

समृद्ध मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश में विकास का युग फिर शुरू हो गया है। प्रदेश के विकास के लिये अनेक योजनाएं बनायी गयी हैं, जरूरत पड़ने पर और भी योजनायें बनायी जायेंगी। हम समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश बनायेंगे। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 20 लाख किसानों को सिंगल क्लिक से 4 सौ करोड़ रुपये के हितलाभ अंतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी और मार्च में भी चार-चार सौ करोड़ रुपये किसानों के खातों में डाले जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' शुरू कर किसानों के खातों में छह-छह हजार रुपये डालने की शुरुआत की थी। राज्य शासन ने 78 लाख किसानों की सूची केंद्र शासन को भेजी है और यह निर्णय लिया कि किसानों के खातों में दो किस्तों में 4 हजार रुपये अतिरिक्त डाले जायें। सरकार ने किसानों के खातों में राशि डालने में कोई भेदभाव नहीं किया है चाहे आधा एकड़ का किसान हो या एक एकड़ का, सभी को दोनों योजनाओं में साल में 10 हजार रुपये खाते में डाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में तंगी होने के बावजूद भी अलग-अलग योजनाओं में 85 हजार करोड़ रुपये किसानों और अन्य हितग्राहियों के खाते में डाले गये। श्री चौहान ने कहा कि किसान भाई चिंता न करें कर्ज माफी के दौरान उनके सिर पर ब्याज का जो बोझ आ गया है, वह सरकार चुकायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल योजना गरीबों की ताकत है। संबल योजना में छात्रों की मेडिकल-इंजीनियरिंग की फीस सरकार भरेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे के जन्म के पूर्व चार हजार और जन्म के वाद 12 हजार रुपये की राशि वहनों के खाते में डाली जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल योजना में सामान्य मृत्यु पर दो लाख और दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख रुपये की सहायता शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राहियों को 5 लाख रुपये तक का इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2 करोड़ आयुष्मान कार्ड वने हैं। यदि कोई व्यक्ति छूटा है तो उसके कार्ड भी वनवाये जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 साल के अंदर हर गांव में पाइप लाइन बिछा कर नल से पानी घर-घर पहुंचाया जायेगा। अव हमारी वेटियों को गांव में हैंडपंप और कुओं से पानी लाने से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने किसानों के हित में कानून वनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी वंद नहीं की जा रही है, वल्कि मंडी शुल्क घटाया गया है। श्री चौहान ने कहा कि किसान कॉन्ट्रेक्ट फॉर्मिंग करता है तो क्या दिक्कत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने गरीवों की जिंदगी वदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सुशासन के तहत ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि एनओसी के लिये वैंकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन करो, ऑनलाइन एनओसी मिल जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन के तहत ऐसी व्यवस्था की गई है कि अव किसान को सीमांकन की सुविधा मोवाइल डिवाइस से मिलेगी। राजस्व सिस्टम आधुनिक वनाया गया है, जिसे आरसीएमएस कहा जाता है। अव पेशी की जानकारी एसएमएस से भेजी जाती है। जमीन का नामांतरण, वंटवारा की प्रक्रिया सरल और कम्प्यूटरीकृत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पटवारी अव हर सप्ताह दो दिन हल्के में रहेंगे, ताकि जनता परेशान न हो। सुशासन देना हमारी जिम्मेदारी है। पटवारी हल्के में नहीं मिलते हैं तो इसकी जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल 41 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो रही है, आने वाले दिनों में 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा हो जायेगी। उन्होंने कहा कि अकेले वुंदेलखंड में 8 हजार 644 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनायें चल रही हैं। केन-वेतवा नदी जोड़े जाने की भी जानकारी देते हुये कहा कि इससे पूरा वुंदेलखंड सिंचित हो जायेगा। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश की जनता के हित में अनेक कल्याणकारी निर्णय ले रही है। जनता को इन निर्णयों का फायदा भी मिल रहा है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

जल चक्र - जल चक्र में पेड़ों का वड़ा योगदान है। हम अपनी नदियों, मीठे पानी की झीलों और अवमृदा में समाविष्ट जल के छोटे भंडार पर निर्भर हैं, क्योंकि इस भंडार में नुकसान न हो और वर्षा के पानी को वाढ़ के रूप लेने से वचाने में पेड़ों की जड़ों का वहुत वड़ा योगदान होता है। पानी का यह छोटा भंडार चलते जल के इससे भी छोटे स्टाक द्वारा फिर से भरा जाता है, जो जलवाष्प के रूप में वायुमंडल में प्रवाहित रहता है और जिसका भाग वर्षा के रूप में पृथ्वी पर गिरता है। जीवमंडल का जल चक्र वाष्पन और वर्षण के अन्योन्य विनियम पर निर्भर करता है और इसलिये पीने और अन्य रूपों में इसके इस्तेमाल के लिये जल की महत्ता वहुत वढ़ जाती है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व रेडियो दिवस 13 फरवरी

रेडियो की महती भूमिका को रेखांकित करता है - विश्व रेडियो दिवस

तेरह फरवरी को प्रतिवर्ष पूरी दुनिया में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। विश्व रेडियो दिवस पहली वार वर्ष 2012 में मनाया गया था। एक सामुदायिक श्रव्य माध्यम के रूप में रेडियो की निर्विवाद रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका हमेशा से रही है। शिक्षा के प्रसार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सार्वजनिक वहस में रेडियो की भूमिका को रेखांकित करने के लिए ही 'यूनेस्को' (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा पहली वार वर्ष 2012 में 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया गया था। फरवरी की 13 तारीख को ही विश्व रेडियो दिवस इसलिए चुना गया, क्योंकि 13 फरवरी सन् 1946 को ही रेडियो संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपने रेडियो प्रसारण की शुरुआत की गई थी। अगर रेडियो की पहुंच की वात की जाए तो पूरी दुनिया की 95 प्रतिशत जनसंख्या तक इसकी पहुंच है। रेडियो दूर-दराज के समुदायों और छोटे-छोटे समूहों तक कम लागत पर पहुंचाने वाला संचार का सवसे सस्ता और सुगम साधन है। आरम्भ में वड़े आकार के लकड़ी के कैवीनेट में संयोजित होने से रेडियो की संवहन क्षमता कम थी मगर सतत अनुसंधान के वाद जव रेडियो का अवतरण 'ट्रांजिस्टर' के स्वरूप में हुआ तो प्लास्टिक के आसानी से लाने-ले जाने वाले स्वरूप के कारण रेडियो की पहुंच और भी व्यापक हुई और रेडियो की घर-घर पहुंच विस्तारित होकर हाथ-हाथ तक पहुंच गई है, जो एक वड़ी सार्वकालिक प्रोद्यौगिकी उपलब्धि मानी जाती है।

भारत में रेडियो का हमेशा से गौरवशाली इतिहास रहा है

वर्ष 1936 में भारत में सरकारी 'इम्पीरियल रेडियो ऑफ इंडिया' की शुरुआत हुई थी। देश के आजाद होने के वाद यह प्रसारण 'ऑल इंडिया रेडियो' के नाम से जाना गया जिसे 'आकाशवाणी' भी कहते हैं। देश में वर्ष 1947 में आजादी के वाद आकाशवाणी के पास छह रेडियो स्टेशन थे और उसकी पहुंच ग्यारह प्रतिशत आवादी तक ही थी। वर्तमान समय में आकाशवाणी के पास 223 से अधिक रेडियो स्टेशन हैं और उसकी पहुंच लगभग 99.1 फीसदी भारतीयों तक है। सरकार ने वर्ष 2002 में शिक्षण संस्थाओं को कैंपस रेडियो स्टेशन खोलने की अनुमति दी थी और 16 नवम्वर 2006 को स्वयंसेवी संस्थाओं को रेडियो स्टेशन खोलने की इजाजत सरकार द्वारा दे दी गई थी। जैसा कि देशवासी जानते हैं देश को वर्ष 1947 में जव 15 अगस्त को आजादी मिली तो उस ऐतिहासिक खवर को भी लोगों ने रेडियो पर ही सुना था। एक सशक्त श्रव्य माध्यम के रूप में रेडियो का महत्व टेलीविजन के प्रसार के वावजूद यथावत है। सूचना और मनोरंजन के साथ ही शिक्षा के प्रसार का भी यह एक सशक्त माध्यम है और रेडियो केंद्र का दस्तावेजीकरण का प्रभाग इतना प्रभावी और सम्पूर्ण है कि देश का सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक इतिहास आज तक रेडियो केंद्र के 'आर्काइव' में संरक्षित है। देश की विरासत को लेखवद्ध और स्वरवद्ध करने में रेडियो की अहम् भूमिका रही है।

यूनेस्को को श्रेय प्राप्त है इस एक उपयोगी और प्रेरक आयोजन का

यूनेस्को यानी संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन को विश्व रेडियो दिवस के आयोजन का श्रेय प्राप्त है क्योंकि यूनेस्को ही प्रतिवर्ष विभिन्न ब्रॉडकास्टर्स, संस्थाओं एवं समुदायों के साथ मिलकर विश्व भर में इसका आयोजन करता है। इस दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है, जिसमें रेडियो को सूचना और संचार के माध्यम के अतिरिक्त इसका दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार में भी इसके महत्व को वताया जाता है। यूनेस्को ने 3 नवम्वर 2011 को 36वीं आमसभा में

13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी। पहला विश्व रेडियो दिवस वर्ष 2012 में 13 फरवरी को मनाया गया था। इसका आयोजन संयुक्त राष्ट्र में वर्ष 1946 में पहले ब्रॉडकास्ट को भी याद करते हुए किया जाता है। विश्व में रेडियो प्रसारण के विस्तार को संयुक्त राष्ट्र अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम के रूप में भी देखता है और इस माध्यम से हम विश्व शांति के संदेश को भी सहजता से विश्व के इस कोने से उस कोने तक पलक झपकते पहुंचा सकते हैं। सूचनाओं के संवहन में भी रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सूचनाओं की विश्वसनीयता पर यदि प्राधिकृत सरकारें निगरानी रखें तो समूचे विश्व को सूचना क्रांति से लाभान्वित किया जा सकता है। यूनेस्को ने इस दिशा में कई राष्ट्रों को खासकर तीसरी दुनिया के देशों को अपने देश में प्रसारण की अधोसंरचना के विकास सम्वन्धी सहायता भी प्रदान की है।

कोरोना काल में बंद 'रंगोली' को मिली विविध भारती से सहायता

'रंगोली' भारतीय फिल्मी गीतों की एक लोकप्रिय टेलीविजन श्रृंखला है, जो प्रति रविवार सुवह दूरदर्शन की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा पर प्रसारित होती है। विज्ञापनों के समय को शामिल कर साठ मिनट के इस कार्यक्रम का प्रसारण पहली वार वर्ष 1988 में हुआ था और वर्ष 1990 के दशक से इसे व्यापक रूप से देखा गया। यह भारत के वाहर भी लोकप्रिय है, विशेष रूप से मध्य पूर्व जैसी जगहों पर, जिनमें वड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। इस कार्यक्रम को सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्रियों हेमा मालिनी, शर्मिला टैगोर, सारा खान और टीवी आर्टिस्ट श्वेता तिवारी तथा स्वरा भास्कर ने प्रस्तुत किया।

वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण के कारण इस कार्यक्रम का प्रसारण भी वाधित हुआ, जवकि दर्शकों द्वारा इसके पुनर्प्रसारण की मांग वढ़ी। ऐसे समय जव एंकर के साथ कार्यक्रम के निजी निर्माताओं ने श्रृंखला को जारी रखने में असमर्थता जताई तव इस लोकप्रिय श्रृंखला को जारी रखने के लिये विविध भारती का सहयोग काम आया और विविध भारती के मुम्वई केंद्र से इसका प्रसारण आरम्भ हुआ। विविध भारती के जाने माने उद्घोषकों की जोड़ी रेणु चतुर्वेदी और कमलकांत ने इस श्रृंखला की एंकरिंग की। इन दिनों रेणु चतुर्वेदी के साथ श्री श्याम एंकरिंग कर रहें और टीवी की इस लोकप्रिय श्रृंखला को रेडियो का सहारा काम आ रहा है और विविध भारती के सहयोग से इस श्रृंखला की लोकप्रियता परवान चढ़ रही है।

यूनेस्को ने आरम्भ की है 'रेडियो उत्सव' की परम्परा

विश्व रेडियो दिवस को विशिष्ट आयोजन वनाने के लिए यूनेस्को ने एक और अभिनव प्रयास 'रेडियो उत्सव' मनाने के रूप में आरम्भ किया। नई दिल्ली में यूनेस्को हाउस में भारत का पहला रेडियो उत्सव गत 13 फरवरी 2018 को आयोजित किया गया था। यह संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के साथ साझेदारी में रेडियो और टेलीविजन में महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईएडब्ल्यूआरटी) द्वारा आयोजित किया गया था। रेडियो उत्सव के आयोजन का उद्देश्य रेडियो प्रसारण से जुड़े पेशेवरों, कार्यक्रम प्रसारणकर्ताओं (ब्रॉडकास्टर्स) और अन्य डिजिटल ऑडियो प्रोग्रामर को एक साथ एक मंच पर लाने का है। इसमें विशेषज्ञों की पैनल चर्चा, प्रदर्शनी का आयोजन और लाइव प्रदर्शनों की चर्चा शामिल की जाती है। विश्व रेडियो दिवस 2018 का विषय था 'रेडियो और खेल'। पहले रेडियो उत्सव में सामाजिक परिवर्तन के लिए एक मंच के रूप में खेल की क्षमता की जांच और खेल प्रसारण को और भी रोचक और प्रतिस्पर्धी वनाने पर व्यापक चर्चा की गई थी। इस रेडियो उत्सव में प्रसारण के दोनों स्वरूप टेलीकॉस्टिंग और ब्रॉडकास्टिंग में अपनाई जा रही नई प्रौद्योगिकियों पर विमर्श किया गया। रेडियो उत्सव में प्रसारण की तकनीक ही नहीं प्रसारण की जा रही सामग्री पर भी गंभीर विमर्श किया जाता है। पहले रेडियो उत्सव की इस सफलता से उत्साहित यूनेस्को ने इस श्रृंखला को आगे भी जारी रखने का निश्चय किया।

विश्व रेडियो दिवस पर होता है महिलाओं की स्थिति पर विमर्श

वदलते वक्त के साथ प्रसारण जगत में महिला पेशेवरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और अध्ययन वताते हैं कि महिलाएं इस क्षेत्र में वेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। प्रसारण के प्रतिष्ठापूर्ण पेशे से जुड़ीं इन पेशेवर महिलाओं ने वर्ष 1951 में रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण से जुड़ी महिलाओं का एक संगठन आईएडब्ल्यू आरटी (इण्टरनेशनल एसोसिएशन ऑफ वुमन इन रेडियो एण्ड टेलीविजन) वनाया।

इस एक वैश्विक संगठन के सहयोग से अव प्रतिवर्ष विश्व रेडियो दिवस पर प्रसारण में महिलाओं की स्थिति पर भी व्यापक विमर्श होता है। आईएडब्ल्यूआरटी का मिशन महिलाओं के विचारों और मूल्यों को सुनिश्चित करने की पहल को मजवूत करना और मीडिया में प्रोग्रामिंग में महिलाओं की भूमिका को सुनिश्चित करना है। यह संगठन संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के साथ परामर्श की भूमिका का निर्वाह करता है। यह संगठन विश्व रेडियो दिवस पर सम्मेलनों और कार्यान्वयन परियोजनाओं का आयोजन करता है और प्रसारण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को चलाता है, और मीडिया संगठनों के साथ सहयोग करता है। यह अंतर्राष्ट्रीय वोर्ड द्वारा प्रवंधित है। यह संगठन विश्व रेडियो दिवस पर महिला पेशेवरों की स्थिति की समीक्षा भी करता है।

सोशल मीडिया के मंच पर भी हुआ समाचार सुनने का मुकम्मल इंतज़ाम

रेडियो और दूरदर्शन के प्रसारण को आज आप अपने एण्ड्रॉयड मोवाइल पर आसानी से देख सुन सकते हैं। समाचार प्रस्तुत करने का पहला और अभिनव प्रयास आकाशवाणी के भोपाल केंद्र ने किया। वर्ष 2017 में विश्व रेडियो दिवस के मौके पर 13 फरवरी को आकाशवाणी भोपाल के समाचार प्रभाग ने अपने रीजनल वुलेटिन को सोशल मीडिया के मंच पर प्रस्तुत करना शुरू किया । अव श्रोता भोपाल से प्रसारित होने वाले क्षेत्रीय समाचार वुलेटिन फेसवुक, ट्विटर, व्हाट्सएप और यू-ट्यूव पर भी सुन सकते हैं। देश में ऐसा पहली वार हुआ है, जव आकाशवाणी के वुलेटिन नियमित सोशल मीडिया पर सुने जा सकते हैं। सोशल मीडिया पर वुलेटिन को लॉन्च करने में अहम रोल निभाने वाले आकाशवाणी के समाचार संपादक समीर वर्मा का कहना है कि वक्त के साथ वदलाव जरूरी है, इस दौर में जव युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त विताती है ऐसे में उन तक आकाशवाणी की सच्ची और सटीक खवरें पहुंचाने के लिए यह पहल जरूरी थी।

राजा दुवे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रतलाम (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : 07412-270439, फैक्स क्रमांक : 267740, ईमेल : eephedrat@mp.nic.in
ISO 9001.2015 Certified Office

क्रमांक 250/नि.लि./लो.स्वा.यां./2021 रतलाम, दिनांक 22.01.2021

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से एम.पी. टेण्डर्स पोर्टल **(https://mptenders.gov.in/nicgep/app)** पर आमंत्रित है। ऑनलाइन निविदा **दिनांक 09.02.2021 सायं 17.30 बजे** तक ऑनलाइन निविदा में दी गई **Key Dates** अनुसार क्रय की जा सकती है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का विवरण :- रतलाम जिले के विकासखण्ड रतलाम में जल जीवन मिशन अंतर्गत शासकीय ग्रामीण शालाओं एवं आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था के कार्य हेतु ऑनलाइन नवीन केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अपेंडिक्स 2.10" पर आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	विकास खण्ड/ ग्राम का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि निविदा में एनेक्जर 'ई' अनुसार वर्षाकाल सहित	निविदा प्रपत्र का मूल्य
28/20-21	2021_PHED_125230_1	रतलाम	115.17	115170/-	2 माह	12500/-
28/20-21	125232_1	रतलाम	74.02	74020/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125233_1	रतलाम	87.96	87960/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125234_1	रतलाम	87.76	87760/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125253_1	रतलाम	87.68	87680/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125254_1	रतलाम	87.68	87680/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125255_1	रतलाम	80.57	80570/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125256_1	रतलाम	86.45	86450/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125257_1	रतलाम	86.45	86450/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125258_1	रतलाम	77.81	77810/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125260_1	रतलाम	87.71	87710/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125261_1	रतलाम	87.71	87710/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125262_1	रतलाम	87.71	87710/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125263_1	रतलाम	86.62	86620/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125265_1	रतलाम	86.62	86620/-	2 माह	10000/-
28/20-21	125266_1	रतलाम	39.02	50000/-	2 माह	5000/-

शर्तें :-

1. निविदा आमंत्रण सूचना विभाग की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पेमेंट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** किया जाना है।
3. विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. उक्त निविदा में संशोधन होने पर ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** देखे जा सकते हैं। अलग से प्रकाशित नहीं किये जावेंगे।

सदस्य सचिव जिला जल एवं
स्वच्छता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रतलाम

जी-18306/45146/2021

कार्यालय सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
एवं कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड-नीमच (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक - 07423-230192, फैक्स - 07423-224655, ई-मेल - eephednee@mp.nic.in

जावक क्रमांक - 243, दिनांक - 30.01.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं म.प्र. गवर्मेंट ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

नीमच जिले के विकासखण्ड नीमच जावद एवं मनासा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शासकीय संस्थाओं (स्कूल/आंगनवाड़ी) में पेयजल प्रदाय करने के कार्य मय मजदूरी एवं सामग्री सहित पूर्ण कर योजना को 15 दिन तक सफल परीक्षण एवं संचालन कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी अनुसार सम्पादित करना)

टेण्डर आई.डी.	निविदा सूचना क्रमांक/ दिनांक	विकास खण्ड का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा की धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	निविदा क्रय/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
2021_PHED_125937_1	85/2020-21 27.01.2021	नीमच	122.70	122700/-	12500/-	**08.02.2021**	2 माह
2021_PHED_125959_1	86/2020-21 27.01.2021	नीमच	84.37	84400/-	10000/-	08.02.2021	2 माह
2021_PHED_125974_1	87/2020-21 27.01.2021	नीमच एवं जावद	40.90	50000/-	5000/-	08.02.2021	2 माह
2021_PHED_125994_1	88/2020-21 27.01.2021	नीमच एवं जावद	95.47	95500/-	10000/-	08.02.2021	2 माह
2021_PHED_126078_1	89/2020-21 28.01.2021	मनासा	102.75	102800/-	12500/-	08.02.2021	2 माह
2021_PHED_126082_1	90/2020-21 28.01.2021	मनासा	36.53	50000/-	5000/-	08.02.2021	2 माह
2021_PHED_126160_1	91/2020-21 28.01.2021	मनासा	102.98	103000/-	12500/-	08.02.2021	2 माह

निविदा का क्रय केवल ऑनलाइन द्वारा उपरोक्त वेबसाइट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्य अथवा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। उपरोक्त सभी निविदाओं के सम्पूर्ण कार्य की लागत रुपये 585.70 लाख (रुपये पांच करोड़ पिचासी लाख सत्तर हजार मात्र) है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। विस्तृत निविदा एवं अन्य शर्तें उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

सदस्य सचिव जिला जल एवं
स्वच्छता मिशन एवं कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड नीमच (म.प्र.)

जी-18432/45149/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड रीवा (म.प्र.)

Email ID : eephemrewa@rediffmail.com
PH. No. : 07662-251023 & Fax - 07662-241414

क्रमांक 282/तक/का.यं./लो.स्वा.यां./मैके. खण्ड/2020-21 रीवा, दिनांक 25.01.2021

ई-निविदा सूचना क्रमांक 58/2020-21 द्वितीय आमंत्रण
System Tender No. 2020_PHED_120968_2

(1) निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदायें एपेंन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।
ऑनलाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 29.01.2021 प्रातः 10.30 बजे से डाक्युमेन्ट डाउनलोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारंभ तिथि 29.01.2021 प्रातः 10.30 बजे से टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 08.02.2021 मध्यान्ह 12.00 बजे तक विड सबमिशन प्रारंभ का दिनांक 29.01.2021 प्रातः 10.30 बजे से एवं विड सबमिशन का **अंतिम तिथि 08.02.2021** को मध्यान्ह 12.00 बजे तक निर्धारित है। तकनीकी निविदा लिफाफा-**A** एवं **B** खोलने की तिथि 09.02.2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे एवं वित्तीय ऑफर लिफाफा-**C** खोलने **(Manadatory 'A' & Financial bid Open)** का दिनांक 12.02.2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे निर्धारित है।
(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।
(3) **कार्य का विवरण** :- सीधी जिले के विकासखण्ड रामपुर नैकिन, सीधी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ट्यूबवेल पर आधारित पाइप लाइन जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।

योजना का नाम	विकास खण्ड	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	प्रतिभूति राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
धनेसर	रामपुर नैकिन	15183713/-	151837/-	12500/-	5 माह (वर्षाऋतु सहित)
वीरपुर					
गड़रहरा प्रतिपाल सिंह					
गड़हरा किशोर सिंह					
बड़खरा 733					
कोष्टापवाई					
मिर्थवार	सीधी				
अतरैला					
किटहनी					
भगेसर					
कोटर					
यदामी					
मढ़िला खुर्द					

उपरोक्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी के लिये निविदा प्रपत्र पर देखी जा सकती है एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड रीवा (म.प्र.)

जी-18320/45147/2021

M.P. Power Management Company Limited

(A Govt. of M.P. Undertaking)
CIN : U40109MP2006SGC018637
Regd. office Shakti Bhawan Rampur Jabalpur (M.P.) 482008 India
Phone 0761-2661111, 2660500, Extn. - 2580,2598
Email - sunil.verma@mppmcl.com, website : www.mppmcl.com

विज्ञप्ति

म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमि., चिकित्सालय रामपुर, जबलपुर में चिकित्सा अधिकारी के 2 पद एवं स्टाफ नर्स के 3 पदों हेतु उम्मीदवारों से जॉब कॉन्ट्रेक्ट पर अनुबंध के आधार पर । वर्ष की अवधि के लिए क्रमशः प्रतिमाह राशि रु. 50,000/- (पचास हजार रुपये) एवं रु. 20,000/- (बीस हजार रुपये) मात्र पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में दिनांक 20.02.2021 सायंकाल 5.30 तक डाक/व्यक्तिगत रूप से जमा किए जा सकते हैं। उक्त पदों हेतु विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप कंपनी की वेबसाइट **www.mppmcl.com** से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमि.
चिकित्सालय, रामपुर जबलपुर

R-45148/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, फैक्स - 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

क्रमांक 260/लेखा/का.यं./लोस्वायांवि. खण्ड/बैतूल/दिनांक 02.02.2021
द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर बैतूल जिले के विभिन्न विकासखण्डों में विभिन्न ग्रामों की शालाओं एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन नल कनेक्शन एवं सिंगलफेस पावरपंप स्थापना कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	शाला/ आंगनवाड़ियों की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
170/20-21/ Dt. 25.01.2021	125598	बैतूल	200	312.63	312630	15000	04 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
171/20-21/ Dt. 25.01.2021	125606	प्रभातपट्टन	200	312.63	312630	15000	04 माह	
172/20-21/ Dt. 25.01.2021	125611	भैंसदेही	200	312.63	312630	15000	04 माह	
173/20-21/ Dt. 25.01.2021	125614	आठनेर	200	312.63	312630	15000	04 माह	
174/20-21/ Dt. 25.01.2021	125623	चिचोली	200	312.63	312630	15000	04 माह	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि	27.01.2021	11.00 बजे
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि	**09.02.2021**	**17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि	09.02.2021	17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि	11.02.2021	15.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

जी-18445/45152/2021

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

ई-मेल - sepheprocgwl@gmail.com, दूरभाष क्रमांक - 0751-2365438, 4031502
(पानी की टंकी के नीचे, मुरार, ग्वालियर)

क्र. 591 दिनांक : 29.01.2021

प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल द्वारा सूचीबद्ध संस्थाओं से निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.01.2021 से **दिनांक 10.02.2021** सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा दिनांक 29.01.2021 से दिनांक 10.02.2021 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विड खोलने का दिनांक 12.2.2021 है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 1. जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं (TPIAs) की नियुक्ति। जिला-ग्वालियर एवं दतिया समूह-ए

नि.आ.सु. क्र./दि.	टेण्डर आई.डी.	अनुमानित लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	आमंत्रण की संख्या	कार्य पूर्ण करने की अवधि
67/28.1.21	2021_PHED_126171_1	228.00 लाख	रु. 2,28,000/-	रु. 15000/-	द्वितीय	36 माह

2. जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं (TPIAs) की नियुक्ति। जिला-सागर-खुरई एवं दमोह समूह-डी

68/28.1.21	2021_PHED_126172_1	506.00 लाख	रु. 5,06,000/-	रु. 20000/-	द्वितीय	36 माह

3. जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं (TPIAs) की नियुक्ति। जिला-शिवपुरी, गुना एवं अशोक नगर समूह-बी

69/28.1.21	2021_PHED_126173_1	296.00 लाख	रु. 2,96,000/-	रु. 15000/-	द्वितीय	36 माह

4. जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं (TPIAs) की नियुक्ति। जिला-टीकमगढ़ एवं निवाड़ी समूह-ई

70/28.1.21	2021_PHED_126174_1	255.00 लाख	रु. 2,55,000/-	रु. 15000/-	द्वितीय	36 माह

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
कार्यालय मुख्य अभियंता
जी-18470/45155/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उमरिया (म.प्र.)

क्रमांक 119/खनिज/सूचना प्रकाशन/2021/ उमरिया, दिनांक 19.01.2021

सूचना प्रकाशन

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि जिला उमरिया अंतर्गत अनुभाग बांधवगढ़/मानपुर/पाली के अधीन अधोवर्णित तालिका में यथा विनिर्दिष्ट विवरण अनुसार गौण खनिज के उत्खनिपट्टा स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र विभिन्न आवेदकगणों द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं।

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 01. कुमारी प्रीति वर्मा पिता श्री सुरेन्द्र वर्मा निवासी मकान नं. 13/239 सिमौर रोड तालाव के पास ग्राम जोड़ौरी तह. जोड़ौरी जिला रीवा (म.प्र.)

तहसील का नाम	ग्राम का नाम	ख.क्र.	रकबा	खनिज का नाम	आवेदन प्रस्तुति दिनांक	आवेदन का प्रकार
बिलासपुर	कुदरा	157/1	4.062 हे.	पत्थर	15.02.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 02. कुमारी प्रीति वर्मा पिता श्री सुरेन्द्र वर्मा निवासी मकान नं. 13/329 सिमौर रोड तालाव के पास ग्राम जोड़ौरी तह. जोडौरी जिला रीवा (म.प्र.)

बिलासपुर	करौंदा	109/1	3.809 हे.	पत्थर	15.02.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 03. श्री आशीष मिश्रा पिता श्री अरविंद मिश्रा निवासी वार्ड नं. 11 सेंट्रल एकेडमी स्कूल के सामने पुलिस लाइन शहडोल (म.प्र.)

पाली	मेडकी	641/1	4.000 हे.	पत्थर	22.02.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 04. श्रीमति सावित्री सिंह पति श्री कुलंजन सिंह निवासी ग्राम चरगवां तह. नौरोजाबाद जिला उमरिया (म.प्र.)

नौरोजाबाद	चरगवां	500/1	2.000 हे.	पत्थर	17.06.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 05. श्री अरूण कु. चतुर्वेदी पिता श्री सुदर्शन प्र. चतुर्वेदी निवासी ग्राम छपडौर तह. मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.)

मानपुर	वल्हौड़	737/2क	1.000 हे.	पत्थर	24.06.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 06. जय विनायक सटोल मेटल प्रा.लि. ग्राम मुड़गुड़ी तहसील मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.)

मानपुर	मुड़गुड़ी	1179/1/ख, 1179/3/ख/2	1.833 हे.	पत्थर	02.07.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 07. मे. प्रगति इण्डिया स्टोन क्रेशर निवासी प्रेम विहार कॉलोनी सतना (म.प्र.)

मानपुर	मुड़गुड़ी	1177/1क3, 1177/1ख, 1178/1ख	2.000 हे.	पत्थर	15.07.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 08. श्री दीपक कु. छत्वानी पिता श्री मोहनलाल छत्तवानी निवासी वार्ड नं. 05 सिंधी कॉलोनी उमरिया (म.प्र.)

बांधवगढ़	मरदरी	461/1क, 462/1क	17.055 हे.	पत्थर	07.08.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 09. मे. मौ नर्मदा इंन्दरप्राईजेज पता 26-कार्मशिल काम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटनी जिला कटनी

चंदिया	ताला	191	1.797 हे.	पत्थर	19.11.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 10. श्री अनुज सिंह पिता श्री फुलदेव सिंह निवासी ग्राम सुखदास तह. मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.)

मानपुर	मुडगुडी	1179/3क2	1.000 हे.	पत्थर	23.12.2019	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 11. श्री अर्जुन सिंह गोंड निवासी ग्राम चरगवां तह. नौरोजाबाद जिला उमरिया (म.प्र.)

नौरोजाबाद	चरगवां	407	1.000 हे.	पत्थर	14.07.2020	उत्खनिपट्टा

क्र. एवं आवेदक का नाम :- 12. श्री सुधाकर सिंह पिता श्री रूकमण सिंह निवासी खलेसर उमरिया जिला उमरिया

बांधवगढ़	लवेरा	253	1.145 हे.	मुरूम	27.08.2020	उत्खनिपट्टा

राज्य सरकार वच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग है। मध्यप्रदेश में पांच वर्ष तक की आयु के 1.11 करोड़ वच्चों को पोलियो से बचाव की खुराक देने का लक्ष्य है। प्रदेश में कुल 44 हजार 685 बूथ, 2488 ट्रांजिट बूथ, 4117 हाईरिस्क एरिया बनाए गए हैं। कुल 89 हजार 370 दल बनाए गए हैं। मोबाइल टीम की संख्या 1609 है। वैक्सीनेटर 89 हजार 370 हैं। सुपर वाइजर्स 8937 हैं। कुल 2802 डीप फ्रीजर की व्यवस्था की गई है।

मध्यप्रदेश में होम-स्टे योजनाओं ने पर्यटकों को लुभाया

भोपाल, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने स्थानीय और विदेशी पर्यटकों को प्रदेश में नया अनुभव प्रदान करने और सतत पर्यटन (सस्टेनेबल टूरिज़्म) की दिशा में पहल की है। विशेष रूप से विभाग की होम-स्टे योजनाएं पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रही हैं।

विभाग द्वारा पर्यटकों को भारतीय संस्कृति, परम्परा एवं खान-पान आदि के अनुभव प्रदान करने की दिशा में पहल की गई है। पर्यटकों को ठहरने के लिये स्वच्छ एवं किफायती स्थान उपलब्ध कराने तथा प्रदेश में अतिथि कक्षों की संख्या में वृद्धि भी की जा रही है।

पर्यटन विभाग द्वारा होम-स्टे योजनाओं को सरल बनाकर इनसे व्यापक रूप से हितधारकों को जोड़ने के कदम उठाये गये हैं। इन योजनाओं से प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, पर्यटन स्थलों के निजी क्षेत्र के हितधारक तेजी से बढ़ते हुए पर्यटन व्यवसाय से जुड़ेंगे। वे यहां की संस्कृति, परिवेश एवं स्थानीय परम्पराओं का अनुभव प्रदान करेंगे। साथ ही वे आय के वैकल्पिक स्रोतों को भी सृजित कर सकेंगे।

होम-स्टे संबंधी योजनाओं के जरिये स्थानीय हितधारकों के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया गया है, जिसमें गृहणियां, स्थानीय युवा, टूर-ट्रेवल्स, गाइड, नेचुरलिस्ट, हेरिटेज सम्पत्तियां, पारम्परिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञ, सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय व्यवसायी, ग्रामीण स्व-सहायता समूह, पंजीकृत पर्यटन सोसायटी, स्थानीय कला एवं हस्तकला के कारीगर, स्थानीय खान-पान के विशेषज्ञ तथा उन्नत तकनीक का उपयोग करने वाले कृषक सम्मिलित हैं।

पर्यटन विभाग द्वारा पंजीकृत इकाइयों को उनके प्रचार-प्रसार के लिये निश्चित अतिथि आवास पूर्ण करने और इकाई में उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। पंजीकृत इकाइयों को डिजिटल मार्केटिंग, प्राइसिंग और प्रमोशन के लिये तकनीकी सहायता, इकाई में कार्यरत मानव संसाधन की क्षमता वृद्धि तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ट्रेवल मार्ट और कार्यशालाओं में सहभागिता करने के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं।

पर्यटन विभाग ने इच्छुक हितधारकों को जोड़ने के लिये पर्यटन स्थल तथा जिला स्तर पर जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार शुरू किया है। सोशल मीडिया सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी होम-स्टे योजना और पंजीकृत इकाइयों का प्रमोशन किया जा रहा है।

पर्यटन विभाग इच्छुक व्यक्तियों से इकाइयों के पंजीकरण के लिये ऑफलाइन आवेदन प्राप्त कर रहा है। भविष्य में आवेदकों की बढ़ती संख्या एवं पंजीकरण को आसान बनाने के लिये ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इसके लिये होम-स्टे पोर्टल बनाया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

क्रांतिकारी सुधारों वाला होगा मध्यप्रदेश का बजट - मुख्यमंत्री

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को प्रशस्त करेगा बजट

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आगामी बजट के संबंध में अर्थशास्त्रियों एवं विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश का आगामी बजट क्रांतिकारी सुधारों वाला होगा। यह आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को प्रशस्त करेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के आगामी बजट के संबंध में अर्थशास्त्रियों एवं विषय-विशेषज्ञों से चर्चा करते हुये कहीं। उन्होंने उपयोगी चर्चा के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

चर्चा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, लोक वित्त एवं बैंकिंग, ग्रामीण विकास एवं आर्थिक गतिविधियां, वृहद एवं मध्यम उद्योग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं प्रबंधन आदि के क्षेत्र में अर्थशास्त्रियों एवं विषय-विशेषज्ञों से बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए। प्रदेश के आगामी बजट में इन सुझावों को शामिल किया जाएगा।

मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन के प्लांट लगें

एम्स भोपाल के डायरेक्टर प्रोफेसर सरमन सिंह ने सुझाव दिया कि प्रदेश में 3-4 नए ऑक्सीजन प्लांट लगाए जायें। फार्मा कंपनियों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तथा पोषण के क्षेत्र में और कार्य होने चाहिए। एमपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार ने कहा कि मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज़्म बढ़ाने के प्रयास किये जायें। एक वायरोलॉजी संस्थान बनाया जाये।

पी.पी.पी. मोड, सी.एस.आर. फंड तथा एनजीओ

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री श्री सुमित बोस ने सुझाव दिए कि मध्यप्रदेश में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी. मोड) से सामाजिक क्षेत्र तथा अधोसंरचना विकास के लिए कार्य किये जायें। सी.एस.आर. फंड के लिये भी प्रयास किये जायें। सामाजिक कार्यों के लिए एन.जी.ओ. का अधिक से अधिक सहयोग लिया जाए। बजट में 'फ्लैक्सिबिलिटी' हो जिससे सभी योजनाओं के लिए राशि मिले।

कृषि अधोसंरचना फंड रखें

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एम.डी. श्री पल्लव महापात्र ने बजट में कृषि अधोसंरचना के लिए प्रावधान रखने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रदेश में लेबर सेक्टर को बढ़ावा देने को कहा।

फाइन्स तथा पैनेल्टीज को डेढ़ गुना करें

आईआईएम के डायरेक्टर प्रोफेसर हिमांशु राय ने सुझाव दिया कि 'फाइन्स' और 'पैनल्टीज' को डेढ़ गुना किया जाये। विदेशी शराब और तंबाकू पर कर बढ़ाया जाये। कृषि क्षेत्र में भी पीपीपी मोड पर कार्य हो। शासकीय विद्यालयों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो।

सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को बढ़ावा दें

नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती टी.एस. राजी गैन ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाये। इसके लिए मध्यप्रदेश केंद्र सरकार के साथ एमओयू साइन करे।

मुर्गीपालन को बढ़ावा दें

एनजीओ 'प्रदान' के श्री एच.के. डेका ने सुझाव दिया कि प्रदेश में मुर्गीपालन की व्यापक संभावनाएं हैं, इसलिये क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाये। आदिवासी एवं दलित महिलाओं की सहायता के लिए विशेष फंड रखा जाए।

मध्यप्रदेश में बने टेक्सटाइल पार्क

सागर ग्रुप के चेयरमैन श्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश की कॉटन अच्छी गुणवत्ता की है और उत्पादन भी बहुत है। प्रदेश में टेक्सटाइल पार्क बनाया जाये। भोपाल शहर का मास्टर प्लान बने।

मध्यप्रदेश के वाहनों को प्राथमिकता दें

वोल्वो आयशर ग्रुप के एम.डी. श्री विनोद अग्रवाल ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में बनने वाले वाहनों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रतिभा सिंटैक्स के एम.डी. श्री श्रेयस्कर चौधरी ने उद्योगों के लिए रियायती बिजली देने का सुझाव दिया।

लॉजिस्टिक कास्ट कम करने के प्रयास करें

मैक्सोन ग्रुप के डायरेक्टर श्री राजेन्द्र पटेल ने प्रदेश में लॉजिस्टिक कास्ट कम करने के प्रयास करने का सुझाव दिया। लघु उद्योग भारती के स्टेट जनरल सेकेट्री श्री राजेश मिश्रा ने तहसील एवं जिला स्तरों पर औद्योगिक भवन बनाने का सुझाव दिया, जहां लघु उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए किराये से स्थान मिल सके।

प्रदेश में बड़े शिक्षा समूहों को आमंत्रित करें

सीबीएसई स्कूल के प्रेसीडेंट श्री अनिल धूपड़ ने सुझाव दिया कि प्रदेश में बड़े शिक्षा समूहों को आमंत्रित किया जाये। विद्या भारती के श्री विवेक सेंडे ने सामाजिक संस्थाओं द्वारा संचालित छोटे-छोटे विद्यालयों को अधोसंरचना विकास के लिए सहायता दिए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए, कृषि संकाय प्रारंभ करें।

आने वाले पांच वर्षों में हर गरीब को मिलेगा पक्का आवास - मुख्यमंत्री

रतलाम, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम जिले के ग्राम डोसी गांव में प्रधानमंत्री आवास ई.डब्ल्यू.एस. से निर्मित 101 आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में गरीबों को पक्के आवास बनाकर दिये जायेंगे। प्रदेश के खजाने पर पहला हक प्रदेश के गरीबों का है।

एक जुलाई से रतलाम शहर में हर घर में पानी पहुंचेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जुलाई से रतलाम शहर में हर घर में पीने का पानी पहुंचाया जायेगा। जिले में 1800 हेक्टेयर जमीन पर कल-कारखाने लगाये जायेंगे। प्रधानमंत्री आवास का लाभ प्राथमिकता से हितग्राहियों को दिया जायेगा। जिले में मध्यमवर्गीय लोगों के लिये भी 3 हजार आवास बनाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवरेज के लिये 115 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जायेगी। अण्डरग्राउण्ड नालियां जून माह तक पूरी कर ली जायेंगी। जिले में 126 करोड़ रुपये की लागत से आन्तरिक सड़कें बनायी जायेंगी। जिला चिकित्सालय का आधुनिकीकरण एवं ऑडिटोरियम का निर्माण किया जायेगा। मेडिकल कॉलेज में शासकीय आवास की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। 150 करोड़ रुपये से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, सब्जी मार्केट आदि बनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान ताल के सौन्दर्यीकरण का कार्य 4 करोड़ रुपये की राशि से किया जायेगा। आगामी दिनों में 25 करोड़ रुपये की राशि से सड़कें और 22 करोड़ रुपये की राशि से ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जायेगा। स्ट्रीट वेण्डरों को स्व-रोज़गार के लिए 10 हजार रुपये की राशि का ऋण दिया जायेगा।

श्री चौहान ने सभी लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया एवं प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास की चाबी, दीनदयाल और लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। अमृत सागर सौन्दर्यीकरण योजना में 4 करोड़ रुपये की राशि का प्रमाण-पत्र नगर निगम आयुक्त को प्रदान किया।

गरीबों का राशन खाने वालों पर कड़ी कार्यवाही होगी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार रतलाम जिले में आये हैं। क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना प्यार एवं आशीर्वाद दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 33 लाख नये गरीबों के नाम राशनकार्ड में जोड़े गये हैं। अब इन गरीबों को एक रुपये किलो के मान से चावल एवं गेहूं प्रदान किया जा रहा है।

अनुसूचित-जाति बहुल एक हजार तैंतीस ग्राम बनेंगे आदर्श ग्राम

भोपाल, मध्यप्रदेश के 1033 अनुसूचित जाति बहुल ग्रामों का चयन आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किये जाने के लिये किया गया है। योजना के क्रियान्वयन के लिये केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से 159 करोड़ 72 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

योजना में चयनित ग्रामों में से 994 ग्रामों के विकास के लिये ग्राम विकास योजना तैयार कर ली गयी है। चयनित इन ग्रामों में कन्वर्जेस के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं को शामिल करते हुए ग्रामों का समुचित विकास किया जायेगा। केंद्र सरकार द्वारा इन ग्रामों के विकास के लिये ऐसे काम लिये गये हैं, जो किसी अन्य विभाग द्वारा नहीं किये जा रहे हैं या उनके पास नियमित बजट की कमी है। योजना में प्रति ग्राम 20 लाख रुपये की राशि उपलब्ध करायी गयी है। प्रदेश के चयनित ग्रामों के विकास के लिये 32 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। जिन गांव में विकास योजना तैयार कर ली गयी है, उनमें प्रमुख रूप से आंतरिक सड़क निर्माण, नाली निर्माण, स्ट्रीट-लाइट, आंगनबाड़ी भवन, शाला भवन, पेयजल सुविधा जैसे बुनियादी कार्य प्राथमिकता के साथ किये जा रहे हैं। इस योजना में देशभर में जितना काम हुआ है, उसका 24 प्रतिशत काम मध्यप्रदेश में पूरा किया गया है। प्रदेश में योजना का क्रियान्वयन अनुसूचित-जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश में इस योजना में 31 मार्च, 2022 तक कार्य पूरा किये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी

वॉइसबोट सुविधा देने वाली देश की पहली कंपनी बनी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को निर्बाध गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति एवं बेहतर उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करने की दिशा में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक मिसाल कायम की है। देश की सभी शासकीय, निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पहली ऐसी कंपनी बन गई है जिसने कंपनी कार्यक्षेत्र के उपभोक्ताओं को शिकायतें दर्ज कराने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वॉइसबोट की सुविधा उपलब्ध कराई है।

कंपनी कार्यक्षेत्र के उपभोक्ता अपनी बिजली आपूर्ति से संबंधित, वितरण ट्रांसफार्मर से संबंधित तथा बिजली बिल से संबंधित सभी प्रकार की शिकायतें काल सेंटर नंबर 1912 पर अप्रत्यक्ष टेलीकॉलर (वॉइसबोट सुविधा) के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ता कॉल सेन्टर नंबर 1912 पर कॉल लगाकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह व्यवस्था कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लागू कर दी गई है।

कंपनी के महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) श्री अभिषेक मार्तण्ड ने बताया है कि सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग द्वारा 'निष्ठा' टेलीकालर को क्षेत्रीय भाषाओं के अनुसार भी प्रतिक्रिया व्यक्त करने की दक्षता के साथ विकसित किया जा रहा है। इस व्यवस्था से काल सेंटर में 150 काल के स्थान पर समानांतर 300 कॉल पर प्रतिक्रिया संभव हो सकेगी। व्यस्त कार्यसमयावधि के दौरान भी शिकायत दर्ज करने में लगने वाले समय में कटौती होगी तथा तत्परता से निष्पादन संभव होगा।

क्या है वॉइसबोट (Voicebot) सुविधा

वॉइसबोट एक अप्रत्यक्ष टेलीकॉलर है जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। कंपनी द्वारा इस अप्रत्यक्ष टेलीकॉलर को 'निष्ठा' नाम दिया गया है। निष्ठा टेलीकॉलर शिकायतकर्ता के सवाल को प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण तकनीक के माध्यम से समझता है एवं उपभोक्ता द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है। उपभोक्ता द्वारा दी गई सीमित जानकारी के आधार पर उपभोक्ता को एक आरामदायक एवं सुविधाजनक वातावरण प्रदान कर शिकायत को दर्ज करता है।

केंद्र सरकार की मदद से चलने वाले विकास कार्य समय पर किये जायें पूर्ण

भोपाल, जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह ने भोपाल में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में कहा है कि जनजातीय क्षेत्रों में केंद्र सरकार की आर्थिक मदद से चलने वाले विकास कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने योजनाओं के लिये राशि का अब तक उपयोग नहीं किया है, उन्हें वापस लेकर अन्य योजनाओं पर खर्च किया जाये। बैठक में विशेष केंद्रीय सहायता के अंतर्गत और संविधान के अनुच्छेद के अंतर्गत केंद्र से मिलने वाली राशि से किये जाने वाले कार्यों की पिछले 4 वर्षों की प्रगति की समीक्षा की गयी।

बैठक में बताया गया कि विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत पिछले 4 वर्षों में केंद्र सरकार से 835 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। इस वर्ष 152 करोड़ रुपये की राशि इस मद में प्राप्त हुई है। बैठक में बताया गया कि संविधान के अनुच्छेद-275 (1) के अंतर्गत पिछले 3 वर्ष में जनजातीय क्षेत्र के 89 ब्लॉक के लिये 952 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। इस वर्ष करीब 184 करोड़ की राशि और प्राप्त हुई है। प्राप्त राशि से हितग्राही-मूलक योजना और अधोसंरचना के काम प्राथमिकता से करवाये जा रहे हैं।

जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह भोपाल में जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा करती हुईं।

जनजातीय कार्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय में मध्यप्रदेश स्पेशल रेसिडेंसियल एकेडमिक सोसायटी के संचालक मण्डल की 36वीं बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में 126 आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में करीब 63 हजार जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन आवासीय विद्यालयों में 64 एकलव्य आदर्श, 54 कन्या शिक्षा परिसर और 8 आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। बैठक में शिक्षकों की भर्ती और स्मार्ट-क्लास बनाये जाने के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक आवासीय विद्यालय में कम से कम 4 कक्षाओं को स्मार्ट-क्लास के रूप में परिवर्तित किया जाये।

जनजातीय कार्य मंत्री ने निर्देश दिये कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक आवासीय विद्यालय में वाउण्ड्रीवॉल बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में बताया गया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रति विद्यार्थी वार्षिक रूप से 37 हजार रुपये की राशि खर्च की जा रही है। संस्था को प्रति छात्र के मान से स्पोर्ट्स, मेडिकल, सांस्कृतिक गतिविधियों, लायब्रेरी सहित अन्य सुविधाओं के लिये करीब 10 हजार 860 रुपये की राशि अतिरिक्त रूप से उपलब्ध करवायी जा रही है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शालाओं और महाविद्यालयों में किया जायेगा एनसीसी का विस्तार

भोपाल, नेशनल कैडेट कोर युवा वर्ग में देश भक्ति, संस्कार, मेहनत, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इसका विस्तार प्रदेश की अधिक से अधिक शालाओं और महाविद्यालयों में किया जाएगा। युवा वर्ग में फैलती नशे की आदत युवा पीढ़ी को खोखला कर रही है। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को अपनी गतिविधियों में नशा मुक्ति अभियान को भी सम्मिलित करना आवश्यक है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस के छात्रों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने एनसीसी और एनएसएस के छात्रों द्वारा कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। श्री चौहान ने रीवा के एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर श्री योगेश चतुर्वेदी को गणतंत्र दिवस परेड में बेस्ट कैडेट ऑफ ईयर चयनित होने पर बधाई दी तथा मेडल और दस हजार रुपये का चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन छात्रों की उपलब्धियों को देखकर यह भरोसा और विश्वास जागता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल और सुरक्षित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द के वाक्य 'उठो-जागो और जब-तक लक्ष्य प्राप्त न हो, तब-तक प्रयत्नशील रहो' को अपने जीवन में चरित्रार्थ करने का आह्वान किया।

सुश्री मानसी तीर्थानी तथा सुश्री मेहरान जाफरी हुई सम्मानित

मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित 34 एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रपति द्वारा एनएसएस पुरस्कार 2018-19 से सम्मानित भोपाल की सुश्री मानसी तीर्थानी तथा उज्जैन की सुश्री मेहरान जाफरी सहित एनएसएस के 14 प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित

भोपाल, माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने वर्ष 2021 के दसवीं, बारहवीं, शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा और डी.पी.एस.ई. की परीक्षा के कार्यक्रम घोषित किये हैं। दसवीं की परीक्षा 30 अप्रैल से 15 मई तक और बारहवीं की परीक्षा एक मई से 18 मई तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) और डी.पी.एस.ई. परीक्षा (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) 30 अप्रैल से 11 मई तक आयोजित की जाएगी। ये सभी परीक्षाएं प्रातः 8 बजे से 11 बजे के बीच सम्पन्न होंगी।

परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को प्रातः 7:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 7:45 बजे के पश्चात किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट के पूर्व छात्रों को उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व प्रश्न पत्र दिए जाएंगे। हायर सेकेंडरी परीक्षा में केवल वाणिज्य संकाय के विषयों तथा हाईस्कूल परीक्षा में प्रायोगिक विषयों को छोड़कर शेष विषयों में नियमित एवं स्वाध्यायी छात्रों के लिए प्रश्न पत्र 100 अंकों का होगा, किंतु नियमित छात्रों को 100 अंक के प्राप्तांक का 80 प्रतिशत अधिभार एवं स्वाध्यायी छात्रों को 100 अंकों के प्राप्तांक अंकसूची में प्रदर्शित किए जाएंगे।

नियमित, स्वाध्यायी, दृष्टिहीन, मूक-बधिर दिव्यांग परीक्षार्थियों की परीक्षाएं सामान्य रूप से एक ही दिन एवं समय में संपन्न होंगी। परीक्षा काल में शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रम अनुसार ही संपन्न होंगी। परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

रतलाम-मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे

मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन किया जायेगा विकसित - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रतलाम में बहु-आयामी विकास योजना के रोडमेप 2021-26 का प्रेजेंटेशन देखते हुये।

रतलाम, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम में कलेक्टर सभाकक्ष में आत्म-निर्भर रतलाम की बहु-आयामी विकास योजना के रोडमैप 2021-26 का प्रदर्शन देखा। मुख्यमंत्री ने रतलाम-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर 18 हजार करोड़ रुपये के निवेश से मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन फ़ॉर अपेरल की कार्य-योजना को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रतलाम को प्रदेश के अग्रणी नगरों में स्थापित करना है। एक महानगर के हिसाब से आने वाले समय में इसकी प्लानिंग की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रतलाम के इस नए निवेश क्षेत्र में लगभग 1800 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता दर्शाई गई है, जिसमें 256 हेक्टेयर भूमि निजी है। निजी क्षेत्र की भूमि पीपीपी मोड पर विकसित की जाएगी। इस निवेश से 24 हजार लोगों को रोज़गार मिलेगा।

बैठक में कलेक्टर श्री गोपाल डांड ने रतलाम के विकास रोडमैप का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई रेलवे मार्ग पर रतलाम महत्वपूर्ण जंक्शन है। यहां से पीथमपुर की दूरी 100 किलोमीटर तथा इंदौर हवाई अड्डे की दूरी मात्र 144 किलोमीटर है। रतलाम नगर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद एवं सूरत आदि से बहुत अच्छे तरीके से कनेक्टेड है।

मोबाइल एप से नागरिक सेवाओं को प्रदान करने के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि रतलाम नगर में एक ऐसा पार्क विकसित किया जाए जो इस नगर की पहचान बने। जन-प्रतिनिधि एवं प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने अमृत सागर तालाब के विकास की स्वीकृति दी। इस तालाब के विकास के लिए 21 करोड़ रुपये की राशि लगेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र में लोगों को नगर निगम कार्यालय के कम से कम चक्कर लगाना पड़ें, इसके लिए ऑनलाइन सेवाओं को त्वरित गति से आगे बढ़ाया जाये। उन्होंने इसके लिए एप विकसित करने के लिए भी कहा।

बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि रतलाम नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना में 5227 आवास स्वीकृत हैं, इसमें से 2737 पूर्ण कर लिए गए हैं। जानकारी दी गई कि जुलाई 2021 से रतलाम शहर में प्रतिदिन जल प्रदाय होने लगेगा। रतलाम शहर में अमृत योजना में 167 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन डाली जा रही है, जिसका 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह कार्य 30 जून 2021 तक पूर्ण हो जाएगा। श्री चौहान ने सीवर लाइन डालने से रतलाम शहर की सड़कों की टूट-फूट की मरम्मत संबंधित ठेकेदार से गुणवत्तापूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सिटी रिंग रोड और रतलाम शहर के मुख्य मार्गों को चौड़ा करने के लिये 126 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की। बैठक में माणक चौक कमर्शियल कॉम्पलेक्स एवं पार्किंग दो बत्ती चौराहे पर कोठारी मार्केट की भूमि पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स, हाट बाजार एवं मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

जानकारी दी गई कि रतलाम शहर की समस्त स्ट्रीट लाइट्स को एलईडी में परिवर्तित करने का लक्ष्य है। वर्ष 2020-21 में 15 हजार 367 स्ट्रीट लाइट बदल दी गई हैं, जिससे विद्युत बिल में 2 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। रतलाम शहर के मध्य में स्थित 2.45 हेक्टेयर शासकीय भूमि के पुनर्धनत्वीकरण की 128 करोड़ रुपये की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना में 300 बेड का नवीन जिला चिकित्सालय, 1000 सीटर ऑडिटोरियम तथा 111 शासकीय आवास निर्मित होंगे। रतलाम ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 22 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति भी दी गई।

समय-सीमा में करें अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की कार्यवाही

भोपाल, अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के संबंध में जरूरी कार्यवाही समय-सीमा में करें। नवगठित 29 नगरीय निकायों में राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन को लागू करने का प्रस्ताव जल्द भेजें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने यह निर्देश मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह भोपाल में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

पोर्टल के माध्यम से होगी आश्रय स्थलों की मॉनीटरिंग

श्री सिंह ने कहा कि दीनदयाल रसोई केंद्रों के संचालन में श्रम और सामाजिक न्याय विभाग को भी जोड़ा जाये। इनकी संख्या भी बढ़ाई जाये। उन्होंने कहा कि रात्रि कालीन आश्रयों को सुव्यवस्थित करें और यहां नियमित साफ-सफाई हो। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि दीनदयाल रसोई केंद्रों और रात्रिकालीन आश्रयों की सतत मॉनीटरिंग के लिए पोर्टल तैयार किया जा रहा है। प्रदेश में 51 जिला मुख्यालयों और एक लाख से अधिक आबादी वाले नगरीय निकायों में 119 आश्रय स्थल संचालित हैं।

श्री सिंह ने कहा कि पी.एम. स्वनिधि योजना में लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही करें। अभी तक 2 लाख 40 हजार पथ-विक्रेताओं को ऋण वितरित हो चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अभिशासन और नगरीय प्रबंध संचालन का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री सुंदरलाल पटवा के नाम से होगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि भवन अनुज्ञा नियमों में सुधार की आवश्यकता है। इस संबंध में अन्य राज्यों के नगर निगमों की प्रणाली का अध्ययन कर इसमें सुधार प्रस्तावित करें। नागरिकों को सरलता से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये आई.टी. का उपयोग करें। उन्होंने कहा सीवेज और पेयजल लाइन के कारण खोदी गई सड़कों की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द करवायें। बैठक में बताया गया कि अभी तक 450 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत करवाई जा चुकी है। शेष कार्य भी फरवरी माह के अंत तक पूरा करा लिया जाएगा। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये।

सीएमओ की करें कार्यशाला

श्री सिंह ने कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला कर योजनाओं के क्रियान्वयन के तरीकों के बारे में बताया जाये। बेस्ट प्रेक्टिसेस को दिखाया जाये। एक जिले में एक निकाय को मॉडल के रूप में विकसित करें। केंद्रीय बजट में स्वच्छता, जल-जीवन मिशन और ट्रांसपोर्ट के लिये किये गये प्रावधानों के समुचित उपयोग के लिये समय पर प्रोजेक्ट बनायें। इस कार्य के लिये डेडीकेटेड अधिकारियों की टीम गठित करें।

निर्धारित समय पर हो मेट्रो रेल का काम

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल का कार्य निर्धारित समय पर हो। उन्होंने कहा कि इंदौर मेट्रो में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। अगस्त-2023 में मेट्रो रेल का प्रथम चरण पूरा हो जाना चाहिये। श्री सिंह ने मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो एलआईजी नहीं बिक रहे हैं, उनके लिये नई नीति बनायें।

युवा वैज्ञानिक कांग्रेस

रिसर्च पेपर भेजने की अंतिम तिथि 26 फरवरी

भोपाल, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा 36वीं युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का आयोजन इस बार वर्चुअल माध्यम से 23 से 26 मार्च 2021 के दौरान किया जावेगा। कांग्रेस की मेजबानी विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन करेगा।

आयोजन में मध्यप्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय, कॉलेज और रिसर्च संस्थान में कार्यरत रिसर्च स्कॉलर्स, फेकल्टी मेम्बर्स एवं वैज्ञानिक अपना रिसर्च पेपर 26 फरवरी 2021 तक ऑनलाइन भेज सकते हैं।

रिसर्च पेपर भेजने के लिए 19 विषयों का चयन किया गया है। इन विषयों में कृषि विज्ञान, एन्थ्रोपोलॉजी एवं विहेवियर साइंसेज, केमिकल इंजीनियरिंग, केमिकल साइंसेज, सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग एंड इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, अर्थ एंड वायुमंडल विज्ञान, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान, गृह विज्ञान, लाइफ साइंसेज, गणित विज्ञान, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, आयुष सहित मेडिकल साइंसेज, न्यू बायोलॉजी (बायोटेक्नोलॉजी, बायो-केमिस्ट्री, बायोफिजिक्स, बायोइन्फॉरमेटिक्स एवं मालीक्युलर बायोलॉजी) फॉर्मास्युटिकल साइंसेज, फिजिकल साइंसेज, प्लांट साइंसेज एवं वेटरनरी साइंस तथा पशुपालन शामिल हैं।

विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mpysc.in एवं परिषद की वेबसाइट www.mpcost.gov.in पर उपलब्ध है। रिसर्च पेपर ऑनलाइन भेजने के बाद प्रिंट कॉपी संयोजक, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन, नेहरू नगर, भोपाल-462003 को 2 मार्च 2021 तक प्रेषित की जा सकती है।

प्राध्यापकों को जनवरी 2016 से होगा लंबित एरियर्स का भुगतान

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयास से राज्य शासन द्वारा प्राध्यापकों को यूजीसी सातवें पुनरीक्षित वेतनमान के एरियर्स के भुगतान के संबंध में आदेश जारी कर दिये गये हैं। इसके तहत प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्व विद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों एवं अन्य शैक्षणिक अधिकारियों को 1 जनवरी 2016 से 31 दिसम्बर 2018 तक के एरियर्स का भुगतान किया जायेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री ने लंबित एरियर्स का भुगतान कराने के लिए व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रयास किये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कवयित्री भानु कपिल

प्रतिष्ठित टी.एस. एलियट पुरस्कार से सम्मानित

भारतीय मूल की लेखिका एवं कवयित्री भानु कपिल को इंग्लैंड के प्रतिष्ठित टी.एस. एलियट पुरस्कार के लिए चुना गया है। इंग्लैंड में जन्मीं और लंदन में पली-बढ़ीं कपिल ने अपनी रचना 'हाउ टू वाश ए हार्ट' के लिए यह पुरस्कार जीता है। पुरस्कार जीतने वाले को 25,000 पाउंड का चेक मिलता है। इसके साथ ही सभी शॉर्ट लिस्ट किए गए कवि को 1500 पाउंड का चेक पुरस्कार स्वरूप दिया जाता है।

जैकलीन फर्नांडिस

'वुमन स्टोरीज' से हॉलीवुड में एंट्री लेंगी

बॉलीवुड अदाकारा और श्रीलंका की ब्यूटी क्वीन रहीं जैकलीन फर्नांडिस 'वुमन स्टोरीज' फिल्म से हॉलीवुड में पदार्पण करेंगी। इस फिल्म में छह कहानियां दिखाई जाएंगी। जिनमें ड्रामा, कॉमेडी और एनिमेशन शामिल है। वुमन स्टोरीज में जैकलीन के अलावा कारा डेलेविंगने, ईवा लोंगोरिया, मार्गरिटा बॉय, लियोनोर वरेला और मार्सिया गे हार्डेन भी हैं। कई कहानियों को समेटने वाली इस फिल्म की शूटिंग इटली, भारत और अमेरिका में होगी।

जेनेट येलेन

अमेरिका की पहली महिला वित्त मंत्री बनीं

प्रख्यात अर्थशास्त्री 74 वर्षीय जेनेट येलेन अमेरिका की पहली महिला वित्त मंत्री बन गई है। येलेन को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलवायी। येलेन इससे पहले अमेरिका के केन्द्रीय बैंक फेडरल रिज़र्व की गवर्नर रह चुकी हैं। येलेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति जो बाइडेन के मंत्रिमंडल की तीसरी सदस्य बन गई हैं, जिनकी नियुक्ति को सीनेट की मंजूरी मिल गई है।

जॉर्डन

शरणार्थियों को टीका लगाने वाला दुनिया का पहला देश बना

जॉर्डन दुनिया का ऐसा पहला देश है, जहां शरणार्थियों को भी टीके लगाए जा रहे हैं। यूनाइटेड नेशंस ने यह जानकारी दी है। राजधानी अम्मान में कई शरणार्थियों को टीका लगाया जा चुका है। सरकार ने कहा है कि देश में रहने वाले हर व्यक्ति को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा चाहे वह शरणार्थी क्यों न हो। संयुक्त राष्ट्र ने जॉर्डन के इस कदम की प्रशंसा भी की है।

सान डोंग गुफा

वियतनाम की गुफा 326 दिन बाद खुली

दुनिया की सबसे बड़ी सान डोंग गुफा 326 दिन बाद पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। यह गुफा वियतनाम में क्वांग-विन्ह प्रांत के नेशनल पार्क में मौजूद है। यह वैश्विक महामारी कोरोना के कारण मार्च 2020 से बंद थी। यह गुफा 9 किलोमीटर लंबी, 200 मीटर चौड़ी और 150 मीटर ऊंची है। इसे वियतनाम की ग्रेट वॉल भी कहा जाता है। यूनेस्को के अनुसार यह गुफा 50 लाख साल पुरानी है। इसे पहली बार 2013 में खोला गया था। 1991 में इस गुफा को स्थानीय वनवासी हो खान ने खोजा था।

मेक्सिको

बॉर्डर पर दीवार का काम रुका

अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन के पदभार संभालने के बाद प्रशासन ने अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर बनने वाली दीवार के काम पर रोक लगा दी है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने दीवार बनाने के काम की मंजूरी दी थी। बाइडेन ने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद अपने कार्यकाल के पहले दिन 17 शासनादेशों पर हस्ताक्षर किए थे। बाइडेन ने एक सप्ताह के भीतर दीवार के निर्माण पर रोक लगाने का आदेश दिया।

खुरेलसुख उखना

मंगोलिया के प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

मंगोलिया के प्रधानमंत्री खुरेलसुख उखना ने राजधानी उलानबातर में कोरोना नियंत्रण उपायों के खिलाफ हुये विरोध प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री उखना ने इस्तीफा और सरकार को भंग करने का प्रस्ताव सौंपा। ज्ञात रहे कि कोरोना ग्रस्त महिला के माँ बनने के बाद अस्पताल प्रशासन ने ठंड के मौसम में पर्याप्त कपड़े नहीं दिए उसे क्वारेंटीन सेंटर ले जाया गया। मीडिया में खबर वायरल होने के बाद प्रशासन पर लापरवाही, अमानवीयता जैसे आरोप लगने लगे।

दक्षिण अमेरिका में

विशालकाय डायनासोर के जीवाश्म मिले

दक्षिण अमेरिका में वैज्ञानिकों को विशाल डायनासोर के (तकरीबन सौ मिलियन साल पुराने) जीवाश्म मिले हैं। अधिक जानने के लिए वैज्ञानिकों ने कंकाल के टुकड़ों को आधार बनाया है। जीवाश्म खोजने वाले डॉक्टर ग्रेग पॉल ने कहा कि ये अर्जेंटीनोसोरस प्रजाति के हो सकते हैं। इनका वजन पूर्व में जीवित पेटागोटिटान प्रजाति के डायनासोर के वजन 50 से 55 टन से अधिक होने का अनुमान है। माना गया है कि यह अधिकतम 75 टन तक हो सकते हैं।

स्मार्ट कंट्रोल रूम

वेनिस में पर्यटकों की कर रहा निगरानी

वेनिस में स्मार्ट कंट्रोल रूम के जरिए बाहर से आने वाले पर्यटकों पर निगरानी की जा रही है। नए सॉफ्टवेयर से लैस कंट्रोल रूम वेनिस में आने वाले पर्यटकों के फोन डाटा का विश्लेषण कर देखता है कि उनकी गतिविधियां क्या हैं। इसके जरिए भीड़ नियंत्रण के अलावा अन्य डाटा भी रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। नई प्रणाली मार्को बेटनी ने तैयार की है। यह स्मार्ट कंट्रोल रूम ट्रॉन चेटो द्वीप पर खोला गया है।

ग्रीस

दो करोड़ साल पुराने पेड़ का जीवाश्म मिला

ग्रीस के ज्वालामुखी द्वीप लेस्वोस में वैज्ञानिकों को एक पेड़ का दुर्लभ जीवाश्म मिला है। इसकी शाखाएं और जड़ें 2 करोड़ साल बाद भी सही सलामत हैं। लेस्वोस के पेट्रिफाइड (पाषाण हो चुके) वन के प्राकृतिक इतिहास के संग्रहालय के एक प्रोफेसर ने कहा यह अच्छी स्थिति में संरक्षित है। जीवाश्म लकड़ी के अध्ययन से पता चलेगा कि यह किस प्रजाति का पेड़ है। यह पेड़ करीब 19 मीटर लंबा है।

कार ब्लडहाउंड

दुनिया की सबसे तेज कार बिकने को तैयार

दुनिया की कुछ कारें ऐसी हैं जो 965 किलोमीटर की रफ्तार तक पहुंच पाई हैं। लेकिन कार ब्लडहाउंड सुपरसोनिक कार ने यह रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। 44 फीट लंबी ब्लडहाउंड कार की रफ्तार 1,010 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह कार अब बिकने के लिए तैयार है। मार्च 2021 तक इसे बाजार में उतार दिया जाएगा। इसकी कीमत करीब 75 करोड़ रुपये आंकी गई है।

ई-बाइक

छात्र ने बनाई

राजस्थान के पॉलिटेक्निक के छात्र मयंक गौतम ने ई-बाइक तैयार की है जो रिमोट से नियंत्रित होगी। मात्र 2 यूनिट यानि 15 रुपये की बिजली में पूरी बैटरी चार्ज हो जाएगी। जब यह चलेगी तब आवाज भी नहीं होगी। यह 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। इसका वजन 50 किलो है और इसमें 250 वॉट की मोटर लगी है। इसमें 130 एम्पियर की बैटरी लगाई गई है।

शिक्षकों ने

क्लास को दिया एजुकेशन ट्रेन का रूप

राजस्थान में जोधपुर के भोपालगढ़ ब्लॉक के कूकड़दा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल को देखने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। लॉकडाउन में स्कूल में छुट्टियां थीं। ऐसे में शिक्षकों ने पेंटिंग से क्लास को एजुकेशन ट्रेन के रूप में तैयार कर दिया। यहां ट्रेन के डिब्बे, डबल डेकर ट्रेन, बुकिंग खिड़कियां और इंजन सब दिख रहे हैं। स्कूल को यह रूप देने के लिए करीब 30 हजार रुपये खर्च हुए हैं।

ओसेरिया प्रजाति की चीटियां

केरल और तमिलनाडु में मिलीं

केरल और तमिलनाडु में दुर्लभ प्रजाति की चीटियां मिली हैं। ये ओसेरिया प्रजाति की हैं। केरल के पेरियार टाइगर रिज़र्व में इनकी खोज पंजाब यूनिवर्सिटी पटियाला के प्रोफेसर हिमेंदर भारती के नेतृत्व वाली शोधार्थियों की टीम ने की है। इसे जवाहर लाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस साइंटिफिक रिसर्च - जेएनसीएआर के जीव विज्ञानी प्रोफेसर अमिताभ जोशी के सम्मान में ओसेरिया जोशी नाम दिया गया है।

गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड

फिल्म इनटू द डार्कनेस को मिला

द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि वाली डेनमार्क की फिल्म इनटू द डार्कनेस को सर्वोच्च गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड देने के साथ ही भारत का 51वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह संपन्न हुआ। नौ दिन चले समारोह में इनटू द डार्कनेस को अत्यधिक ख्याति भी प्राप्त हुई। इसके निर्देशन टीम के कार्य की भी सराहना की गई। डेनिश भाषा में बनी इस फिल्म को एंड्रस रिफन ने डायरेक्ट किया है।

बिस्वजीत चटर्जी

इंडियन पर्सनेलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

दिग्गज अभिनेता बिस्वजीत चटर्जी को 84 वर्ष की उम्र में गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में इंडियन पर्सनेलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने उक्त पुरस्कार की घोषणा की। मार्च 2021 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के दौरान यह अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।

मिस्र

सोने की जीभ वाली ममी मिली

मिस्र के तपोसीरिस मागना में खुदाई के दौरान 16 प्राचीन कब्रें मिली हैं। इनमें से एक में दफन ममी के मुंह में सोने से बनी जीभ लगी हुई है। पुरातत्वविदों का अनुमान है कि उस वक्त मृतक की जीभ को सोने की जीभ से बदल दिया गया होगा, ताकि वह मृत्यु के बाद के जीवन में 'ऑसिरिस' से संवाद कर सके। 'ऑसिरिस' को प्राचीन मिस्र में भगवान का दर्जा दिया जाता था। वह मृतकों के न्यायाधीश माने जाते थे। मिस्र के शासकों का मानना था कि सोने-चांदी से बने गहने मृतक को बोलने में सक्षम बनाते हैं। इसलिए ममी को दफनाते समय उसकी जीभ को सोने की जीभ से बदला गया होगा।

सिद्धार्थ मोहंती

एलआईसी के एमडी का कार्यभार संभाला

सिद्धार्थ मोहंती ने एक फरवरी को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। भारत सरकार ने उन्हें प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एलआईसी में प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले वे भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक एलआईसी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (एचएफएल) में प्रबंध निदेशक एवं प्रमुख कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। श्री मोहंती ने एलआईसी में अपना कॅरियर 1985 में सीधी भर्ती अधिकारी के रूप में शुरू किया और विभिन्न पदों पर कार्य करते हुये इस वरिष्ठ पद तक का सोपान तय किया।

स्मृति शेष

टॉक शो होस्ट लैरी किंग का निधन

मशहूर टॉक शो होस्ट लैरी किंग का 87 वर्ष की उम्र में बीमारी के चलते निधन हो गया। लैरी लंबे समय से स्वास्थ्यगत समस्याओं से ग्रसित थे। लैरी ने अपने कॅरियर में लगभग 50 हजार साक्षात्कार लिये थे। साल 1995 में उन्होंने यासिर अराफात, जॉर्डन किंग, इज़रायल के प्रधानमंत्री के साथ मध्य-पूर्व शांति सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं – ज्ञान नीति

विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस – 11 फरवरी

विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की है जरूरत

इन दिनों ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं अपनी सफलता के झंडे न लहरा रही हों, लेकिन कई साल पहले ऐसा नहीं था। महिलाओं को कुछ क्षेत्रों में ही सीमित रखने का प्रयास किया जाता था। ऐसा माना जाता था कि कला, शिक्षण और नर्सिंग जैसे क्षेत्र ही महिलाओं के लिए उचित होते हैं। विज्ञान और शोध में तो उनकी उपस्थिति को सहजता से स्वीकार ही नहीं किया जाता था, लेकिन धीरे-धीरे परिदृश्य बदला और कई प्रतिभाशाली महिलाओं ने वैज्ञानिक शोधों और अविष्कार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर लोगों को अपनी सोच बदलने पर मजबूर कर दिया। लैंगिक समानता के लिए प्रयासरत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए वर्ष 2015 में 11 फरवरी को विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने की घोषणा की, ताकि इसके प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाई जा सके। यह दिन महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण को प्राप्त करने और विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दुनियाभर में 30 प्रतिशत से कम शोधकर्ता महिलाएं हैं। सभी महिला छात्रों में से केवल 30 प्रतिशत उच्च शिक्षा में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से संबंधित क्षेत्रों का चयन करती हैं। यह प्रतिशत बढ़ाया जा सके इसके लिए इस दिन को यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र महिला द्वारा लागू किया गया था। इसका लक्ष्य महिलाओं और लड़कियों के लिए विज्ञान में पूर्ण और समान पहुंच और भागीदारी हासिल करना है। ये दिवस पहली बार 2016 में मनाया गया था।

दुनिया में केवल 28.8 प्रतिशत महिलाएं ही शोधकर्ता

सन् 1901 से 2019 के बीच फिजिक्स, केमिस्ट्री और मेडिसिन के क्षेत्र में 334 नोबेल पुरस्कार दिए गए। ये सम्मान कुल 616 लोगों को मिले। इनमें सिर्फ 20 महिलाएं शामिल हैं। महान वैज्ञानिक मैरी क्यूरी को दो बार यह पुरस्कार मिला है। यूनेस्को ने वर्ष 2018 में विज्ञान में महिलाओं की भागीदारी पर एक फैक्ट शीट तैयार की। इसके मुताबिक दुनिया में केवल 28.8 प्रतिशत महिलाएं ही शोधकर्ता हैं। भारत में यह आकड़ा और भी कम है। यहां केवल 13.9 फीसदी महिला वैज्ञानिक हैं, जो इस दिशा में काम कर रही हैं। 118 सालों में अब तक तीन महिलाओं को फिजिक्स में नोबेल पुरस्कार मिला है, केमिस्ट्री में पांच और मेडिसिन के क्षेत्र में 12 महिलाओं को इस पुरस्कार से नवाजा गया है। वहीं गणित के क्षेत्र में दिया जाने वाला एबेल पुरस्कार जिसे गणित का नोबेल भी कहा जाता है, 2019 में पहली बार किसी महिला गणितज्ञ को दिया गया। अमेरिका की कैरेन उहलेनबेक यह सम्मान पाने वाली पहली महिला गणितज्ञ हैं। कैरेन को यह पुरस्कार 16 अन्य पुरुष गणितज्ञों के साथ दिया गया। फील्ड्स मेडल भी अब तक केवल एक महिला गणितज्ञ को ही मिला है। ईरान की मिरयम मिर्जाखानी ने 59 पुरुषों को पछाड़ कर यह खिताब जीता था।

आधुनिक दुनिया और विज्ञान को महिलाओं की जरूरत

तेजी से बदल रही इस दुनिया में विज्ञान की शिक्षा की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे आने वाले समय में अधिकतर नौकरियां ऐसी होंगी, जिसमें किसी न किसी रूप में सूचना और संचार तकनीक का ज्ञान होना आवश्यक होगा। अब नए रोज़गार के अवसर डाटा विश्लेषण, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डाटा विज़ुअलाइज़ेशन से संबंधित हैं, लेकिन विज्ञान के क्षेत्र में लड़कियों और महिलाओं की उचित संख्या अब भी नहीं है। यूनेस्को के आंकड़े बताते हैं कि आगे पढ़ाई के लिए एक तिहाई से भी कम लड़कियां साइंस से जुड़े विषयों को चुनती हैं। बहुत ही कम महिलाएं सूचना और संचार तकनीक के विषयों को चुनती हैं। आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस (एआई) या कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व भी दिनोंदिन बढ़ रहा है, लेकिन विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर रिपोर्ट बताती है कि एआई तकनीकों पर कुल पेशेवरों का सिर्फ 22 फ़ीसदी ही महिलाएं हैं। विज्ञान में लड़कों और लड़कियों के बीच खाई पैदा होने के कई कारण हैं। लड़कों की पढ़ाई को प्राथमिकता दिया जाना, लैंगिक पूर्वाग्रह और घिसी-पिटी मान्यताएं और वैश्विक डिजिटल डिवाइड, जिससे महिलाएं कहीं ज्यादा प्रभावित हैं। इन्हीं चुनौतियों का सामना करने के लिए पिछले एक दशक में इस सिलसिले में ठोस प्रयास हो रहे हैं और लड़कियों और महिलाओं की स्कूल तक पहुंच को सुलभ बनाया जा रहा है। लड़कियों को विज्ञान पंसद नहीं है, ऐसी धारणाओं और घिसी-पिटी मान्यताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

शोध में प्रतिनिधित्व बढ़ाने की जरूरत

दुनिया के कई महान वैज्ञानिक और गणितज्ञों में महिलाएं भी शामिल हैं। अपने पुरुष समकक्षों और शीर्ष वैज्ञानिकों जैसी उपलब्धि हासिल करने के बाद भी बड़ी रिसर्चों में उनका प्रतिनिधित्व ना के बराबर होता है। यूनेस्को के 2014 से 2016 के बीच के आंकड़े बताते हैं कि केवल 30 प्रतिशत छात्राएं ही, उच्च शिक्षा एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में प्रवेश लेती हैं। सूचना प्रौद्योगिकी में महिलाओं का एडमिशन तीन प्रतिशत है। प्राकृतिक विज्ञान, गणित और सांख्यिकी में यह पांच फीसदी और इंजीनियरिंग और अप्लाइड साइंस में सिर्फ आठ प्रतिशत है। भारत के नीति आयोग की रिपोर्ट भी कुछ ऐसी ही तस्वीर सामने लाती है। 2015-16 में ग्रेजुएट कोर्स में 9.3 प्रतिशत छात्राओं ने इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। 4.3 फीसदी महिलाओं ने चिकित्सा विज्ञान में दाखिला लिया। मास्टर और डॉक्टरेट स्तर पर महिलाओं का पंजीकरण और भी कम रहा। चिकित्सा विज्ञान में डॉक्टरेट के दाखिले की संख्या सबसे कम रही। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह दर्शाता है कि अंडर ग्रेजुएट से मास्टर कोर्स और फिर शोध कार्यक्रमों में महिलाओं की रुचि कम होती चली गई। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत की आधी आबादी की भागीदारी उच्च संस्थानों में भी बहुत कम है। आयोग की रिपोर्ट बताती है कि आईआईटी, एनआईटी, इसरो और डीआरडीओ सहित 620 से अधिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों में महिला वैज्ञानिक और प्रशासनिक कर्मचारियों की संख्या भी चौंकाने वाली है। इन संस्थानों में महिला वैज्ञानिकों की संख्या 20 प्रतिशत, पोस्ट डॉक्टरेट में 28.7 फीसदी और पीएचडी महिलाओं की संख्या 33.5 प्रतिशत है।

शोध में पता चला कि लड़कियां स्कूल में गणित और विज्ञान के विषयों में लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करती हैं लेकिन लड़के आगे की पढ़ाई में इन विषयों को पसंद बनाकर भविष्य को आकार देते हैं। विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के प्रवेश की समस्या पूरे देश में एक जैसी नहीं है। सरकार को शहर और गांव, दोनों स्तरों पर इंजीनियरिंग, फिजिक्स या केमिस्ट्री जैसे विषयों को छात्राओं के लिए लोकप्रिय बनाने की शुरुआत स्कूल में ही करनी होगी।

बढ़ती भागीदारी दिखा रही भविष्य की सुखद तस्वीर

ऑल इंडिया हायर एजुकेशन सर्वे 2018 के अनुसार धीरे-धीरे स्थिति में बदलाव आ रहा है जो कि इस क्षेत्र के भविष्य के प्रति आशा की किरण है। भारतीय महिला वैज्ञानिकों को आगे लाने सरकार भी प्रयास कर रही है। भारत में कई महिलाओं ने विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। भारतीय महिला गणितज्ञ शकुंतला देवी जो कि मानव कंप्यूटर के नाम से भी प्रसिद्ध हैं को तो पूरी दुनिया जानती है लेकिन ऐसी कई प्रतिभाएं हैं जिन्होंने अपने कार्यों से विज्ञान को समृद्ध बनाया है, लेकिन दुनिया उनकी उपलब्धियों के बारे में अनजान है जैसे कि सन 1930 में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन को सब जानते हैं, पर उन्हीं के साथ काम कर चुकीं महिला वैज्ञानिक अन्ना मणि के बारे में कितने लोग जानते होंगे? अन्ना एक मौसम वैज्ञानिक थीं और उन्हीं के मार्गदर्शन में कई कार्यक्रम बने जिसकी मदद से भारत मौसम विज्ञान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो पाया। अन्ना के जैसी कहानी है कई भारतीय महिलाओं की, जो दशकों पहले कई चुनौतियों के बावजूद ना सिर्फ शिक्षा हासिल करके वैज्ञानिक बनीं बल्कि अपने-अपने क्षेत्रों में दूसरों के लिए भी रास्ता खोलने वाला काम किया। भारतीय विज्ञान के इतिहास के पन्नों में कहीं खो गईं इन महिला वैज्ञानिकों को गुमनामी के अंधेरे से बाहर निकालने की एक पहल पिछले दिनों भारत सरकार ने की है। सरकार ने घोषणा की है कि देश में अलग-अलग विज्ञान संबंधी संस्थाओं में कार्यरत महिला वैज्ञानिकों में से 11 के नाम पर चेयरों की स्थापना करेगी। इन चेयरों के लिए अलग-अलग विषयों को चुना गया है, जिनमें कृषि, बायो-टेक्नोलॉजी, इम्यूनोलॉजी, फाइटोमेडिसिन, बायोकेमिस्ट्री, चिकित्सा, सामाजिक विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान और मौसम विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित और भौतिकी और फंडामेंटल रिसर्च शामिल हैं।

सन् 1932 में जन्मी डॉक्टर अर्चना शर्मा एक जानी मानी साइटोजेनेटिस्ट थीं। उन्होंने क्रोमोजोम के अध्ययन के लिए एक नई तकनीक का विकास किया था। वो 'क्रोमोजोम टेक्निक्स: थी-ध्योरी एंड प्रैक्टिस' नामक बहुचर्चित किताब की लेखिका थीं और साइटोलॉजी के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल 'न्यूक्लीयस' की संस्थापक संपादक थीं। उनके नाम पर इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) के किसी संस्थान में चेयर स्थापित होगी। जानकी अम्मल एक पथ-प्रदर्शक बॉटनिस्ट थीं। उन्हें गन्ने की एक विशेष रूप से मीठी प्रजाति के विकास के लिए याद किया जाता है। जिस चीनी का इस्तेमाल हम रोजमर्रा में करते हैं उसे मीठा करने के पीछे जानकी अम्मल का ही शोध है। उनके नाम पर भी या तो आईसीएआर के किसी संस्थान में या नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लेन जीनोम रिसर्च में चेयर स्थापित होगी। इसी तरह अन्य महिला वैज्ञानिकों ऑर्गेनिक केमिस्ट डॉ. दर्शन रंगनाथन, उत्कृष्ट रसायनशास्त्री डॉ. आशिमा चटर्जी, डॉ. इरावती कर्वे सहित अन्य महिला वैज्ञानिकों के योगदान को अविस्मरणीय बनाया जाएगा।

भारत की मिसाइल वुमन टेसी थॉमस

विज्ञान में अल्पसंख्यक होने के बावजूद नोबेल पुरस्कार जीतने से लेकर नासा तक पहुंचने तक, महिला वैज्ञानिकों ने इतिहास में अपना नाम दर्ज किया है। टेसी थॉमस को भारत की 'मिसाइल वुमन' के नाम से भी जाना जाता है, वे वैमानिकी प्रणालियों की महानिदेशक और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (इसरो) में अग्नि-IV मिसाइल की पूर्व परियोजना निदेशक हैं। वह भारत में एक मिसाइल परियोजना का नेतृत्व करने वाली पहली महिला वैज्ञानिक हैं। इसरो में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत रितु करिदल चंद्रयान -2 की मिशन निदेशक रही हैं। वह मार्स ऑर्बिटर मिशन की डिप्टी ऑपरेशन डायरेक्टर भी रही हैं। रॉयल सोसायटी ऑफ लंदन और अमेरिकन एकेडमी ऑफ माइक्रोबॉयोलॉजी की फेलो बनने वाली पहली भारतीय महिला डॉ. कांग, ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट की कार्यकारी निदेशक हैं। देश में डायरिया रोकने के लिए भारतीय बच्चों के हिसाब से रोटावायरस वैक्सीन विकसित करने का श्रेय डॉ. गगनदीप कांग को जाता है। वहीं डॉ. चंद्रिमा शाह को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की पहली महिला अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इन महिला वैज्ञानिकों की सफलता कई और बालिकाओं को विज्ञान को अपना भविष्य चुनने के लिए प्रेरित करेगी।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

JIWAJI UNIVERSITY

Sachin Tendulkar Road, Kailash Nagar, Mahalgaon, Gwalior-474011

No. F/Admn/Estt./2021/3585 **Date : 04.02.2021**

ADVERTISEMENT FOR NON-TEACHING POST

Applications are invited from Indian Nationals for various non-teaching post as given below in various departments of Jiwaji University. Eligible candidates can apply on prescribed format of application along with the self attested documents. The format, eligibility criteria and other conditions can be obtained from the university website **www.jiwaji.edu.** The Applications should be submitted by speed post or registered post only. All supporting documents and testimonials must be self attested by the candidates.

Opening Date : **08.02.2021**
Last Date of Receiving the Hard Copy : **08.03.2021**

The hard copy of the application form along with the self-attested copies of the documents must reach to the University on or before the last date mentioned above. Incomplete applications without self-attested documents will not be entertained by the University and no correspondence shall be made in this regard.

S. No.	Post	No. of Post	Reservation	Academic Pay Level
1.	Head, Computer Centre	01	UR	As per UGC/ M.P. State Govt. approved pay scales/ level in 7th pay commission.
2.	System Engineering	01	UR	
3.	Computer Programmer	01	OBC	
4.	Computer Operator	01	OBC	
5.	Librarian	01	UR	
6.	Assistant Librarian	01	UR	
7.	Director, Physical Education	01	UR	
8.	Assistant Director, Physical Education	01	UR	
9.	Foreman (Mechanical)	01	UR	
10.	Glass Blower	01	UR	
11.	Harbarium Keeper	01	UR	
12.	Museum Keeper	01	UR	
13.	Draft man	01	UR	
14.	Photographer	01	UR	

UR-Unreserved, SC-Scheduled Cast, ST- Scheduled Tribes, OBC-Other Backward Class.

The qualifications and pay scales are as prescribed by the UGC Regulation 2018 and M.P. State Government respectively. The detailed information and the format of application form are available on the website : **www.jiwaji.edu.** The application filled in the Prescribed proforma with self attested relevant documents along with a Demand Draft of Rs. 1000/- (for open post) and Rs. 500/- (for reserved post) (Non refundable) of any Nationalized Bank drawn in favour of **Registrar, Jiwaji University, Gwalior** should reach to the **Registrar, Jiwaji University, Gwalior-474011** on or before **08.03.2021.**

The envelope containing the application should be indicated on the top as "APPLICATION FOR THE POST OF ......"

Note : (i) Reservation to women candidates will be provided as per M.P. Govt. rules.
(ii) Reservation to physically handicapped persons will be provided as per rules.
(iii) Number of posts can be increased or decreased and the university reserves its right to fill or not to fill the post advertised.
(iv) Reservation to SC/ST/OBC category will be provided only to the candidates having M.P. domicile.
(v) The candidates who have applied earlier in response to the advertisements are required to apply afresh.

M.P. Madhyam/99855/R-45173/2021 **REGISTRAR**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण जानकारी

निबंध लेखन

मार्च 2021 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोजित होना संभावित है। इस परीक्षा में कुल 6 अनिवार्य प्रश्नपत्रों में अंतिम प्रश्नपत्र निबंध लेखन का होता है। इस प्रश्नपत्र में जहां एक वृहद निबंध 1000 शब्दों में लिखना होता है, वहीं 2 लघु निबंध 250-250 शब्दों में भी लिखने होते हैं। ये क्रमशः 50 और 25-25 अंकों के होते हैं। इस प्रश्नपत्र को 2 घंटे में हल करना होता है।

स्वच्छता का आर्थिक विकास पर प्रभाव (लघु निबंध)

विश्व के अधिकतर विकसित और विकासशील देशों में विकास एवं आधुनिकता के जो मानक तय किये गये हैं उनमें प्रमुख हैं- स्वच्छता, शालीनता एवं प्रतिबद्धता। विकसित देशों के माडल को अपनाकर आगे बढ़ने की बातें तो बहुत की जाती हैं, परन्तु क्या उन मानकों को भी विकास और आधुनिकता में सम्मिलित करने के लिए तैयार हो पाये हैं। आज यह विचार करने की नितांत आवश्यकता है। बार-बार यह आशंका व्यक्त होती रही है कि अपने मन, वचन एवं कर्म में बिना स्वच्छता धारण किए अपने जीवन, परिवार, समाज और राष्ट्र को समृद्ध नहीं बना सकते।

यह सर्वविदित है कि विश्व के जिन देशों में ये सभी व्यवस्थाएं बेहतर स्थिति में हैं वहां आर्थिक विकास भी बेहतर बना हुआ है। यही कारण है कि स्वच्छता को लेकर विभिन्न देशों की सरकारों की तरह भारत सरकार बहुत गम्भीर हुई है। स्वच्छता के प्रभाव को हम मध्यप्रदेश के इन्दौर रीजन के आर्थिक विकास से समझ सकते हैं। सन् 2017 में पहली बार जब इन्दौर नम्बर वन स्वच्छ शहर बना था, तब इस क्षेत्र में 2.5 हजार करोड़ का निवेश हुआ था। कालान्तर में, यह रफ्तार तेजी से बढ़ती हुई 2019-20 में 21 हजार करोड़ तक पहुंच गई है। इस तेजी से हुए विकास में स्वच्छता भी मुख्य कारक रही है। इस तीव्र विकास से कई अन्य सहायक क्षेत्रों का भी समुचित विकास संभव हो सका है। इस विकास के सकारात्मक परिणामस्वरूप इन्दौरवासियों के जीवन स्तर में सुधार, रोज़गार के अवसरों में वृद्धि, विदेशी निवेश में लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर है। विदेशी निवेशकों का भारत के प्रति विश्वास बढ़ा है।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए स्वच्छता भी एक प्रभावी एवं निर्णायक कारक है। अतः भारत के अधिक आबादी वाले शहरों और गावों में भी गन्दगी या प्रदूषित स्थानों पर जीवन बसर करने के लिए मजबूर भारतवासियों को सरकार के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत स्तर से भी इस दिशा में ध्यान देना आवश्यक है, स्वच्छता बनाए रखने की आदत सहर्ष रूप में अपना ली जाए।

भारत में लोकतंत्र का भविष्य (वृहद निबंध)

यह सर्वमान्य है कि वर्तमान ही भविष्य का निर्धारक होता है। यदि किसी व्यक्ति या व्यवस्था का वर्तमानस्वरूप स्वस्थ एवं सकारात्मक है तो निश्चित ही उसका भावी रूप समृद्ध व उज्ज्वल होगा। इसके विपरीत होने पर नकारात्मक स्थिति बनेगी। लोकतंत्र के संदर्भ में **लॉर्ड ब्राइस** ने Modern Democracies में लिखा है- "**जहां आत्म नियंत्रण, बुद्धिमत्ता, नैतिकता, उत्तरदायित्व की प्रबल भावना एवं सक्रिय जनभागीदारी होती है, वहीं लोकतंत्र मजबूत होता है। इसके विपरीत जहां अकर्मण्यता, भ्रष्टाचार, व्यक्तिवाद, वंशवाद, लालफीताशाही आदि बुराइयां होती हैं, वहां लोकतंत्र क्षीण एवं घातक बन जाता है।**" वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय लोकतंत्र के भविष्य का निर्धारण भी वर्तमान में उभरती प्रवृत्तियों के आधार पर करना समीचीन होगा कि किन गुणों से लोकतंत्र का भविष्य उज्ज्वल तथा किन दोषों के बने रहने से अंधकारमय हो सकता है।

भारतीय लोकतंत्र का सबल/सकारात्मक पक्ष

21वीं सदी के भारतीय लोकतंत्र के भविष्य का आकलन करने हेतु इसके सबल पक्ष अर्थात् इसकी उपलब्धियों, गुणों और चुनौतियों की विवेचना निम्नवत् बिन्दुओं में की जा सकती है-

बहुदलीय सरकारों का अभ्युदय- अब भारत में राजनीतिक क्रान्ति चुनावों के माध्यम से हो रही है और एक दल की सरकार के स्थान पर दूसरे दल या कई दलों से मिलकर सरकारों का गठन होने लगा है। अब तो भारत में बहुदलीय सरकारें बनना सामान्य बात हो गई है।

भारतीय राजव्यवस्था के अध्येता **डॉ. सुभाष कश्यप** ने इस नव-राजनीतिक परिवर्तन के महत्व को इन शब्दों में व्यक्त किया है- "अब भारतीय मतदाता किसी भी दल को सत्ता से वंचित कर सकता है और देश की राजनीतिक संरचना के प्रभाव को बदल सकता है। यही तथ्य वास्तव में लोकतंत्र का सारभूत है।"

सत्ता का विकेन्द्रीकरण- 1993 में 73 एवं 74वें संविधान संशोधन के द्वारा पंचायती संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया है। स्थानीय स्वशासन की दिशा में पंचायतीराज व्यवस्था से ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों का यथार्थ रूप में क्रियान्वयन संभव होने से गांव-गांव और घर-घर में लोकतंत्र का प्रवेश हो सका है। अब पंचायतों को सत्ता मिलने से स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों का संचालन सरलतापूर्वक हो रहा है।

न्यायपालिका की बढ़ती भूमिका- यह सर्वविदित है कि स्वतंत्र भारत को दोषपूर्ण न्याय प्रणाली विरासत में मिली है। संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका की स्थापना की।

न्यायपालिका ने जनहित एवं लोकतंत्र की सच्ची स्थापना के लिए अपने क्षेत्राधिकार में अधिक सक्रिय व प्रभावी भूमिका निभाने का बीड़ा उठाया, जिसे न्यायपालिका की सकारात्मक भूमिका अर्थात न्यायिक सक्रियता कहा जा रहा है। न्यायिक सक्रियता के कारण ही जनहित याचिका का वास्तविक क्रियान्वयन प्रारम्भ हुआ। जिसमें प्रशासनिक कमियों को कम करने में सहायता मिल रही है।

मानवाधिकारों का क्रियान्वयन - भारतीय संविधान में संयुक्त राष्ट्र के '**मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा**' **(1948)** और नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों के अन्तर्राष्ट्रीय समझौते के तहत विभिन्न मानव अधिकार शामिल किए गए हैं। इन अधिकारों के सुनिश्चित क्रियान्वयन के लिये 1993 में राष्ट्रीय एवं बाद में अनेक राज्यस्तरीय मानव अधिकार आयोग स्थापित किए गए, जो आज सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। इन आयोगों की सराहनीय भूमिका के आधार पर आशा की जा सकती है कि भारतीय लोकतंत्र का भविष्य सुरक्षित एवं उज्ज्वल होगा।

महिला सशक्तिकरण पर बल- भारत सरकार द्वारा वर्ष 2001 को **महिला सशक्तिकरण वर्ष** के रूप में मनाने के बाद लगातार देश में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने हेतु कई योजनाएं व कार्यक्रम चलाए गए हैं। सशक्तिकरण वर्ष में ही **राष्ट्रीय महिला नीति** बनाई गई और महिला शक्ति पुरस्कारों की शुरुआत भी की गई। इस दिशा में महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक स्वावलम्बन हेतु शुरू की गई कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं उल्लेखनीय हैं- किशोरी शक्ति योजना, स्वयंसिद्धा योजना-2001, वंदे मातरम् योजना, जननी सुरक्षा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि।

चुनाव सुधारों से दृढ़ होता लोकतंत्र- अब महिलाओं को पंचायतीराज संस्थाओं में आरक्षण की तरह संसद और विधानसभाओं में भी आरक्षण देने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। देशभर में लाखों महिलाएं ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधि के रूप में सत्तासीन हैं। यह सर्वविदित है कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार होता है, जो जनता को अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर प्रदान करता है। पिछले 70 वर्षों में लोक सभा के 17 एवं राज्य विधानसभाओं के लगभग 400 चुनावों ने न केवल यह सिद्ध किया है कि भारत में प्रजातंत्र की जड़ें जम चुकी हैं, बल्कि चुनाव आयोग ने पिछले दशकों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराकर विश्व में अपनी प्रशंसनीय साख भी बनाई है।

उल्लेखनीय है कि सभी निर्वाचन आयुक्तों ने आयोग की कार्यशैली को निष्पक्ष, सक्रिय और विश्वसनीय बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप ही अब चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं फोटो सहित मतदाता परिचय पत्र से सम्पन्न हो रहे हैं। प्रत्याशी की फिजूलखर्ची, सत्ता के दुरुपयोग, चुनावी हिंसा को भी काफी मात्रा में नियंत्रित किया जा सका है।

लोकतंत्र के भविष्य को उज्ज्वल बनाने हेतु मौलिक सुझाव

सर्वप्रथम, हमें दलबदल को रोकना होगा, ताकि सत्ता हथियाने की लोलुपता रूपी दूषित प्रवृत्ति को रोका जा सके।

द्वितीय, केंद्र एवं राज्यों में विरोधी दलों को चाहिए कि वे केवल बात-बात पर विरोध का बहाना बनाकर अराजकता न भड़काएं।

तृतीय, हमें प्रशासन को अधिक उत्तरदायी व कार्यकुशल बनाना होगा कि शासकीय सेवकों में इस भावना का विकास करने की नितांत आवश्यकता है कि वे जनता के स्वामी न होकर जनसेवक हैं।

चतुर्थ, अभी हमें मतदाताओं में राजनीतिक चेतना भी जागृत करनी होगी ताकि वे चुनावों में अपनी ही इच्छा की अभिव्यक्ति मतदान के माध्यम से करने में सक्षम बन सकें।

निष्कर्ष

भारतीय लोकतंत्र के वर्तमान परिदृश्य के उपर्युक्त विवेचन के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि हमारे देश के लोकतंत्र का भविष्य सशक्त एवं उज्ज्वल होगा। पिछले कुछ वर्षों से चल रही राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों और जनकार्यक्रमों आदि से राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय राजनीति की स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार एवं सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर हुए हैं, जिससे समाज में अब समाजसेवी एवं नवोदित राजनीतिज्ञ अनुकरणीय भूमिका निभाने के लिये उत्साहित हो रहे हैं। अब भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों में भी भारतीय राजनीति की बुराइयों को बाहर निकलने के लिये प्रेरक एवं उत्साहित वातावरण बनने और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के सतत् क्रियान्वयन से लोकतंत्र के दोष भी गुणों में परिणित होते दिखाई दे रहे हैं।

- डॉ. निवाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. विक्टोरिया अजारेंका ने इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(ब) विम्बलडन
(स) यूएस ओपन
(द) फ्रेंच ओपन

2. वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) सनथ जयसूर्या
(ब) एडम गिलक्रिस्ट
(स) सचिन तेंदुलकर
(द) जैक कैलिस

3. इनमें से कौन-सा खेल एस्ट्रो टर्फ पर खेला जाता है?
(अ) बैडमिंटन (ब) फुटबॉल
(स) टेनिस (द) हॉकी

4. जर्क और स्नैच टर्म का उपयोग किस खेल में होता है?
(अ) गोल्फ (ब) बैडमिंटन
(स) वेटलिफ्टिंग (द) तलवारबाजी

5. वर्ष 2019 फीफा वूमेन वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था?
(अ) स्वीडन (ब) फ्रांस
(स) अमेरिका (द) कनाडा

6. टेस्ट क्रिकेट में सबसे युवा कप्तान बनने का रिकॉर्ड किसके नाम है?
(अ) ग्रीम स्मिथ (ब) टेतेंदा तायबु
(स) वकार यूनिस (द) राशिद खान

7. लिएंडर पेस ने किस ओलिंपिक खेल में टेनिस स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था?
(अ) एथेंस 2004
(ब) बीजिंग 2008
(स) अटलांटा 1996
(द) सिडनी 2000

8. रियो ओलिंपिक-2016 में मोहम्मद फराह ने कितने स्वर्ण पदक जीते थे?
(अ) दो (ब) तीन
(स) पांच (द) इनमें से कोई नहीं

9. वर्ष 2019 में किस क्लब ने फीफा क्लब वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) मैनचेस्टर सिटी
(ब) बायर्न म्यूनिख
(स) जुवेंटस
(द) लिवरपूल

10. रग्बी की शीर्ष संस्था वर्ल्ड रग्बी का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
(अ) डबलिन (आयरलैंड)
(ब) टोक्यो (जापान)
(स) बुडापेस्ट (हंगरी)
(द) नेरोबी (केन्या)

11. अमेरिकी खिलाड़ी डस्टिन जॉनसन का संबंध किस खेल से है?
(अ) एथेलेटिक्स (ब) गोल्फ
(स) टेनिस (द) फुटबॉल

12. एशियाई खेलों का आयोजन सबसे पहले किस शहर में किया गया था?
(अ) नई दिल्ली (ब) मनीला
(स) जकार्ता (द) तेहरान

13. आईसीसी ने इस वर्ष किसे दशक की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना है?
(अ) एलिसा हीली
(ब) एलिस पेरी
(स) सारा टेलर
(द) मिताली राज

14. जर्मनी फीफा वर्ल्डकप-2014 में किस देश को हराकर चैंपियन बना था?
(अ) नीदरलैंड (ब) ब्राजील
(स) अर्जेंटीना (द) ऑस्ट्रेलिया

15. कटक का बाराबती स्टेडियम किस खेल से संबंधित है?
(अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
(स) फुटबॉल (द) कबड्डी

16. दीपक चाहर ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में हैट्रिक किस देश के खिलाफ बनाई थी?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) बांग्लादेश
(स) श्रीलंका
(द) ऑस्ट्रेलिया

17. भारत ने इनमें से किस वर्ष सुल्तान अजलान शाह टूर्नामेंट नहीं जीता है?
(अ) वर्ष 1991 (ब) वर्ष 1995
(स) वर्ष 2006 (द) वर्ष 2009

18. वर्ष 2020 में डेनमार्क ओपन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैंपियन बनीं थीं?
(अ) सयाका ताकाहाशी
(ब) अकाने यामागुची
(स) ताई जू यिंग
(द) नोजोमी ओकुहारा

19. वर्ष-2022 में महिला वन-डे वर्ल्डकप किस देश में खेला जायेगा?
(अ) भारत (ब) आयरलैंड
(स) न्यूजीलैंड (द) वेस्टइंडीज

20. भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट सीरीज में कितने अंतर से हराया है?
(अ) 2-0 (ब) 2-1
(स) 4-0 (द) 3-1

21. इनमें से कौन-सा खेल कनाडा का राष्ट्रीय खेल है?
(अ) बास्केटबॉल (ब) बेसबॉल
(स) गोल्फ (द) आइस हॉकी

22. आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है?
(अ) विराट कोहली
(ब) रोहित शर्मा
(स) ब्रैंडन मैक्कुलम
(द) सुरेश रैना

23. वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में हाई जंप में 5 बार स्वर्ण पदक जीतने वाली एथलीट हैं?
(अ) मारियो मुटोला
(ब) स्टेफ्का कोस्टाडिनोवा
(स) नताएला नाजारोवा
(द) इनमें से कोई नहीं

24. इनमें से किस खेल को मध्यप्रदेश में राजकीय खेल का दर्जा प्राप्त है?
(अ) कबड्डी
(ब) हॉकी
(स) मलखम्ब
(द) इनमें से कोई नहीं

25. बाइचुंग भूटिया किस खेल में भारत के कप्तान रह चुके हैं?
(अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
(स) टेनिस (द) शतरंज

उत्तर

1. (अ), 2. (स), 3. (द), 4. (स), 5. (ब), 6. (द), 7. (स), 8. (अ), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (ब), 14. (स), 15. (अ), 16. (ब), 17. (स), 18. (द), 19. (स), 20. (ब), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य हिन्दी

1. देवनागरी लिपि में कुल कितने वर्ण हैं?
(A) 50 (B) 52
(C) 57 (D) 60
उत्तर :- (B) 52

2. पाप-पुण्य में कौन-सा समास है?
(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि
उत्तर :- (B) द्वन्द्व

3. जहाँ उपमेय में अनेक उपमानों की शंका होती है, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?
(A) यमक (B) श्लेष
(C) भ्रांतिमान (D) संदेह
उत्तर :- (D) संदेह अलंकार

4. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए?
(A) अध्येता (B) अधियेता
(C) अध्यात (D) अध्ययेता
उत्तर :- (A) अध्येता

5. 'निर्वाह' में प्रयुक्त उपसर्ग है?
(A) नि (B) निः
(C) निर (D) निरि
उत्तर :- (C) निर

6. निम्नलिखित में से कौन भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है ?
(A) मराठी (B) गुजराती
(C) मलयालम (D) हिन्दी
उत्तर :- (C) मलयालम

7. आकाश के तारे तोड़ना? मुहावरे का सही अर्थ है ?
(A) असंभव काम करना
(B) बहुत अभिमान करना
(C) बहुत परिश्रम करना
(D) अधिक काम करना
उत्तर :- (A) असंभव काम करना

8. पर निकलना मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) कष्ट उठाना
(B) कृतज्ञ होना
(C) लज्जित होना
(D) स्वच्छंद हो जाना
उत्तर :- (D) स्वच्छंद हो जाना

9. मक्खियां मारना मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) कायरता दिखाना
(B) भयभीत होना
(C) भेद खोलना
(D) बेकार बैठना
उत्तर :- (D) बेकार बैठना

10. निम्नलिखित में से 'नासिक्य' व्यंजन कौन-सा है?
(A) व (B) त्र
(C) ग (D) ज
उत्तर :- (B) त्र

11. 'अभ्युदय' शब्द में कौन-सी संधि है?
(A) दीर्घ (B) यण्
(C) अयादि (D) गुण
उत्तर :- (B) यण्

12. 'निश्चल' में कौन-सी संधि है?
(A) गुण संधि (B) विसर्ग संधि
(C) दीर्घ संधि (D) वृद्धि संधि
उत्तर :- (B) विसर्ग संधि

13. 'पवित्र' का सही संधि विच्छेद है?
(A) पो + इत्र (B) पौ + इत्र
(C) दवः + इत्र (D) पव् + इत्र
उत्तर :- (A) पो + इत्र

14. 'मनोरम' का संधि विच्छेद है?
(A) मन + ओरम
(B) मन + रम
(C) मनो + रम
(D) मनः + रम
उत्तर :- (D) मनः + रम

15. 'कण्टसाध्य' में कौन-सा समास है?
(A) तत्पुरुष समास
(B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) अव्ययीभाव समास
उत्तर :- (A) तत्पुरुष समास

16. 'महाजन' में कौन-सा समास है?
(A) अव्ययीभाव समास
(B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) बहुव्रीहि समास
उत्तर :- (B) कर्मधारय समास

17. 'पंजाब' में कौन-सा समास है?
(A) कर्मधारय समास
(B) बहुव्रीहि समास
(C) द्विगु समास
(D) द्वन्द्व समास
उत्तर :- (C) द्विगु समास

18. 'दीर्घ-बाहु' शब्द में कौन-सा समास है?
(A) अव्ययी भाव समास
(B) द्विगु समास
(C) बहुव्रीहि समास
(D) द्वन्द्व समास
उत्तर :- (C) बहुव्रीहि समास

निम्नलिखित पद्यांशों में प्रयुक्त अलंकार बताइए?

19. एक राम घनश्याम हित चातक तुलसीदास ?
(A) उपमा अलंकार
(B) उत्प्रेक्षा अलंकार
(C) श्लेष अलंकार
(D) यमक अलंकार
उत्तर :- (D) यमक अलंकार

20. कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए?
(A) अनुप्रास अलंकार
(B) रूपक अलंकार
(C) उत्प्रेक्षा अलंकार
(D) यमक अलंकार
उत्तर :- (C) उत्प्रेक्षा अलंकार

21. कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय
या खाए बौराए नर वा पाये बौराए?
(A) रूपक (B) श्लेष
(C) असंगति (D) यमक
उत्तर :- (D) यमक अलंकार

22. हंसहि ठठाई, फुलाउबु गालू
कबहि न होई, एक संग भुआई ?
(A) वक्रोति अलंकार
(B) विरोधाभास अलंकार
(C) अनुप्रास अलंकार
(D) उपमा अलंकार
उत्तर :- (A) वक्रोति अलंकार

23. जो संज्ञा किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध कराती है, उसे कहते हैं?
(A) व्यक्ति वाचक संज्ञा
(B) जाति वाचक संज्ञा
(C) द्रव्य वाचक संज्ञा
(D) भाव वाचक संज्ञा
उत्तर :- (A) व्यक्ति वाचक संज्ञा

24. इन शब्दों में कौन-सा शब्द संज्ञा है?
(A) क्रुद्ध (B) क्रोध
(C) क्रोधी (D) क्रोधित
उत्तर :- (B) क्रोध

25. इनमें से पुल्लिंग शब्द छांटिए?
(A) कपट (B) सुन्दरता
(C) मूर्खता (D) निंदा
उत्तर :- (A) कपट

नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं इनमें तत्सम, तद्भव, देशज एवं विदेशज शब्द हैं। प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन करें?

26. हलुवा?
(A) तत्सम (B) देशज
(C) तद्भव (D) विदेशज
उत्तर :- (D) विदेशज शब्द

27. खिचड़ी?
(A) देशज (B) तद्भव
(C) विदेशज (D) तत्सम
उत्तर :- (A) देशज शब्द

28. कौड़ी?
(A) तत्सम् (B) तद्भव
(C) देशज (D) विदेशज
उत्तर :- (C) देशज शब्द

29. दूध?
(A) विदेशज (B) तद्भव
(C) तत्सम (D) देशज
उत्तर :- (B) तद्भव शब्द

30. तूफान?
(A) देशज (B) विदेशज
(C) तत्सम (D) तद्भव
उत्तर :- (B) विदेशज शब्द

निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची का चयन कीजिए?

31. कामदेव?
(A) मन्मथ (B) भगीरथ
(C) कृतांत (D) वरुण
उत्तर :- (A) मन्मथ

32. यति?
(A) सती (B) संन्यासी
(C) ब्राह्मण (D) भिखारी
उत्तर :- (B) संन्यासी

33. पत्ता?
(A) किसलय (B) प्राज्ञ
(C) नीरद (D) भर्ता
उत्तर :- (A) किसलय

34. कौआ?
(A) परिजात (B) वैश्वानर
(C) कंदर्प (D) पिथुन
उत्तर :- (D) पिथुन

35. द्रोपदी?
(A) उपपगा (B) मेदिनी
(C) याज्ञसेनी (D) कामिनी
उत्तर :- (C) याज्ञसेनी

36. मदिरा?
(A) वारूणी (B) अंतक
(C) क्षणदा (D) अपवर्ग
उत्तर :- (A) वारूणी

37. खर?
(A) मूर्ख (B) गधा
(C) कुंठित (D) रावण
उत्तर :- (B) गधा

38. जीभ?
(A) सरस्वती (B) ध्वनि
(C) वाणी (D) रसना
उत्तर :- (D) रसना

निम्नलिखित शब्दों के विलोम का चयन करें?

39. स्थूल?
(A) पारलौकिक (B) सूक्ष्म
(C) स्वल्प (D) अभौतिक
उत्तर :- (B) सूक्ष्म

40. आशा?
(A) दुराशा (B) नाउम्मीद
(C) निराशा (D) हताशा
उत्तर :- (C) निराशा

41. अनुलोम?
(A) विलोम (B) प्रतिलोम
(C) विरोधी (D) निम्न
उत्तर :- (A) विलोम

42. एक?
(A) बहुत (B) विस्तर
(C) अनेक (D) भूरि
उत्तर :- (C) अनेक

43. थोक?
(A) खेरीज (B) इकट्ठा
(C) परचून (D) खुदरा
उत्तर :- (D) खुदरा

44. हर्ष?
(A) दुःख (B) विमर्श
(C) विषाद (D) क्लेश
उत्तर :- (C) विषाद

45. आँख में धूल झोंकना मुहावरे का अर्थ है?
(A) कम तोलना (B) भाग जाना
(C) धोखा देना (D) झूठ बोलना
उत्तर :- (C) धोखा देना

46. उगल देना?
(A) उल्टी करना
(B) सच बोलना
(C) रहस्य प्रगट कर देना
(D) उल्लू बनाना
उत्तर :- (C) रहस्य प्रगट कर देना

47. इतिश्री होना?
(A) धन की प्राप्ति होना
(B) अंत होना
(C) सब अच्छा होना
(D) सफलता प्राप्त होना
उत्तर :- (B) अंत होना

48. गड़े मुर्दे उखाड़ना?
(A) छिपे खजाने की खोज
(B) इतिहास का अध्ययन
(C) पुरातत्व का अध्ययन
(D) पुरानी बातों को दोहराना
उत्तर :- (D) पुरानी बातों को दोहराना

49. पौ बारह होना?
(A) विजय की पहचान
(B) बहुत लाभ होना
(C) जीत होना
(D) चौपड़ के खेल का एक दांव
उत्तर :- (B) बहुत लाभ होना

50. भंडा फूटना?
(A) भेद खुलना
(B) खाना न मिलना
(C) चौका गंदा होना
(D) गालियां देना
उत्तर :- (A) भेद खुलना

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

प्रदेश हित में लिया जाए केंद्रीय बजट के प्रावधानों का फायदा - मुख्यमंत्री

भोपाल, आने वाले तीन वर्ष में मध्यप्रदेश की तस्वीर बदलना है, अतः आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप पर अमल करते हुए विकास के लिए निरंतर प्रयत्न किये जायें। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मंत्रिमंडल के सदस्यों से चर्चा करते हुये कही।

श्री चौहान ने केंद्रीय बजट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में डीएफआई (वित्तीय विकास संस्थान) के गठन की घोषणा की गई है। इससे दीर्घ-कालीन ऋण की व्यवस्था संभव होगी। राज्यों को राशि प्राप्त हो सकेगी। यह नई व्यवस्था मध्यप्रदेश के लिए हितकारी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में जनता के कल्याण के लिए केंद्रीय बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। मंत्री अपने विभाग से संबंधित जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए अधिक से अधिक राशि प्राप्त करने का प्रयास करें। इसके लिए केंद्रीय मंत्रियों से नई दिल्ली जाकर भेंट भी करें।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों को अवगत करवाया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए केंद्रीय बजट क्रांतिकारी है। बजट प्रावधानों का बेहतर उपयोग करें। इसके लिए मंत्री और विभाग स्तर पर प्रयास किये जायें। श्री चौहान ने पूंजीगत कार्यों के लिए किए गए प्रावधानों, कुपोषण दूर करने के लिए नए मिशन की शुरुआत, स्वस्थ भारत के लिए अधिक राशि का प्रावधान, 10 लाख से अधिक आबादी के नगरों के विकास के लिए प्रावधान, जल-जीवन मिशन, शहरी स्वच्छता मिशन आदि का लाभ उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना में प्रदेश के लिये अधिक से अधिक कनेक्शन प्राप्त करने के प्रयास किये जायें।

श्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय बजट से अनेक क्षेत्रों में विकास के अवसर खुलेंगे। इस बजट में विभिन्न कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। सोलर पंप स्थापित करने के लिए सहायता, पर्यटन और पुरातत्व के क्षेत्र में नवीन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राशि, सात नए टेक्सटाइल पार्क प्रारंभ करने की योजना का भी लाभ लिया जाए। इसी तरह रेल परियोजनाओं, मनरेगा आजीविका मिशन, नेशनल इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के अंतर्गत प्रदेश के लिए अधिक राशि प्राप्त करने के प्रयास किये जायें।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य को पूरा करने में मददगार बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत आम बजट क्रांतिकारी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट है। केंद्रीय बजट में समाज के हर वर्ग के कल्याण का पूरा ध्यान रखा गया है। कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में बिगड़ी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए इस बजट में हर क्षेत्र के लिए अवसरों के नए द्वार खुले हैं।

छः आधार स्तंभ करेंगे कल्याण

केंद्रीय बजट को 6 मुख्य भागों में बांटा गया है। ये बजट के आधार स्तम्भ हैं। इनमें स्वास्थ्य, भौतिक और वित्तीय पूंजीगत अधोसंरचना, आकांक्षी भारत के लिए समावेशी विकास, नवप्रवर्तन अनुसंधान और विकास, मानव पूंजी में नवजीवन का संचार करना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्य केंद्रीय बजट में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बजट के आधार स्तंभ मध्यप्रदेश का कल्याण करेंगे। मध्यप्रदेश के आत्मनिर्भर रोडमैप के स्तंभों के समान ही, शिक्षा, स्वास्थ्य अधोसंरचना, अर्थ-व्यवस्था, रोज़गार, सुशासन इत्यादि सभी महत्वपूर्ण सेक्टर केंद्रीय बजट में शामिल हैं।

केंद्रीय बजट की विशेषताएं और मध्यप्रदेश

- प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के लिए 64 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजना प्रारंभ।
- कोरोना वैक्सीन के लिए 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान।
- स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गत वर्ष के बजट से 137 प्रतिशत अधिक राशि, लगभग 2 लाख 23 हजार 846 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- भारत सरकार द्वारा नये पोषण मिशन की शुरुआत की जा रही है।
- पूंजीगत कार्यों के लिये लगभग 5 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान कर बजट में साढ़े 34 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे मध्यप्रदेश में अधोसंरचना के बड़े पूंजीगत कार्य कराने में लाभ मिलेगा।
- भारतमाला योजना में 8 हजार करोड़ रुपये। इससे अटल प्रोगेस-वे का क्रियान्वयन फास्ट ट्रैक में होगा।
- शहरी इलाकों के लिए भी जल जीवन मिशन प्रारंभ।
- पांच वर्ष के लिए लगभग 01 लाख 41 हजार करोड़ की लागत से शहरी स्वच्छ भारत मिशन-2 प्रारंभ होगा।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)

1. There is ..... office of income tax.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

2. Chetan writes short stories in ..... English language.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. Amar published ..... article on gender inequality.
(a) a (b) the
(c) an (d) no article

4. ..... book is out of print which he gave me last year.
(a) a (b) the
(c) no article (d) an

5. Harish eats ..... pineapple daily.
(a) the (b) an
(c) a (d) no article

Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)

6. There is no point ..... brooding over the loss.
(a) on (b) with
(c) to (d) in

7. We don't know anything ..... the new policy.
(a) of (b) about
(c) by (d) for

8. The old man came ..... the bank for pension.
(a) at (b) from
(c) to (d) in

9. I love the people ..... Mumbai.
(a) on (b) about
(c) by (d) of

10. They have never been short ..... money.
(a) on (b) about
(c) in (d) of

11. I prefer juice ..... tea.
(a) more than (b) by
(c) than (d) to

12. He takes no risk ..... the business.
(a) on (b) by
(c) of (d) in

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)

13. Magnet ..... the object of iron filling.
(a) is attracting
(b) attracted
(c) attracts
(d) has attracted

14. By and large Hindi movies ..... on Friday.
(a) will release
(b) are releasing
(c) releases
(d) has released

15. His final interview ..... next week.
(a) had held
(b) will be held
(c) did held
(d) will held

16. Her last novel ..... last month.
(a) has published
(b) was publishing
(c) published
(d) was published

17. Now Radha ..... clothes.
(a) washed
(b) is washing
(c) has washed
(d) has been washing

18. My brother was typing a letter when I ..... home.
(a) have reached
(b) reached
(c) was reaching
(d) reach

Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)

19. They selected him in the national team.
(a) National team selected him by them.
(b) He was selected by the national team.
(c) He was selected in the national team by them.
(d) He is in the national team selected by them.

20. He approves the final draft of new policy.
(a) New policy is approved with the final draft by him.
(b) New policy final draft is approved by him.
(c) The final draft of new policy is approved by him.
(d) The approval for the final draft of new policy is made by him.

21. It was decided by all.
(a) All decides it.
(b) All decided it.
(c) By all it decided.
(d) By all it was decided.

22. Let the poor be helped.
(a) The poor helps.
(b) Help the poor.
(c) You help the poor.
(d) The poor should help.

23. The house is being demolished by the municipality workers.
(a) The municipality workers are demolished by the house.
(b) The municipality workers are demolishing the house.
(c) The municipality workers are demolished the house.
(d) The municipality workers are responsible for demolition of the house.

24. They are painting the school building.
(a) The school building has been painted by them.
(b) The school building is painted by them.
(c) The school building is being painted by them.
(d) The painting is done on the school building by them.

25. Mark my words please.
(a) Let his words be marked.
(b) Let my words be marked.
(c) You should mark my words.
(d) You are requested to mark my words.

Change the narration. (Question Nos. 26 to 30)

26. I said, "I can prepare tea".
(a) I said that he can prepare tea.
(b) I said that I could prepare tea.
(c) I said that he could prepare tea.
(d) He said that he could prepare tea.

27. Raju said, "I am writing a scholarly article".
(a) Raju said that Raju was writing a scholarly article.
(b) Raju said that he was writing a scholarly article.
(c) Raju was writing a scholarly article as he said.
(d) Raju said that he was writing a scholarly article as he said.

28. Geeta said, "I was watching a movie".
(a) Geeta said that she was watching a movie.
(b) Geeta said that she is watching a movie.
(c) Geeta said that she had been watching a movie".
(d) Geeta had watched a movie as she said that.

29. "I had done that work", he said.
(a) He said that I was done with that work.
(b) I said that I had done that work.
(c) He said that he had done that work.
(d) He had been done that work, he said.

30. I say, "I am very serious and sensible man".
(a) He says that he was very serious and sensible man.
(b) I say that he was very serious and sensible man.
(c) I say that I am very serious and sensible man.
(d) I say that he is very serious and sensible man.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)

31. Chronological
(a) Ordered
(b) Planned
(c) Disordered
(d) Structured

32. Dynamic
(a) Vibrant (b) Static
(c) Active (d) Lively

33. Approve
(a) Endorse
(b) Admonish
(c) Support
(d) Sanction

34. Sane
(a) Rational (b) Sensible
(c) Wise (d) Batty

35. Reject
(a) Repudiate
(b) Discard
(c) Remove
(d) Concede

Synonym (Question Nos. 36 to 40)

36. Profusion
(a) Abundance
(b) Scarcity
(c) Lack
(d) Dearth

37. Diligence
(a) Carelessness
(b) Recklessness
(c) Meticulousness
(d) Neglect

38. Claim
(a) Disclaim
(b) Assert
(c) Renounce
(d) Reject

39. Taciturn
(a) Orator (b) Noisy
(c) Silent (d) Violent

40. Amuse
(a) Bore (b) Tire
(c) Weary (d) Entertain

One word substitutions. (Question Nos. 41 to 45)

41. A place for clothes.
(a) Textile
(b) Disrobe
(c) Cloakroom
(d) Wardrobe

42. A place where one lives permanently.
(a) Homicide
(b) Domicile
(c) Docile
(d) Reconcile

43. A study of derivation of words.
(a) Morphology
(b) Semantics
(c) Etymology
(d) Ethnology

44. A play that ends with tears.
(a) Comedy (b) Tragedy
(c) Romance (d) Gothic

45. Something that occurs in fifteen days.
(a) Monthly (b) Annual
(c) Fortnightly (d) Quarterly

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Question Nos. 46 to 50)

46. (a) Chronologi
(b) Chronalogy
(c) Chranology
(d) Chronology

47. (a) Symptom
(b) Simptam
(c) Semptom
(d) Symptam

48. (a) Viras (b) Virus
(c) Viraes (d) Vairus

49. (a) Mylodrama
(b) Melodrama
(c) Melidrama
(d) Milodrama

50. (a) Endicator
(b) Indicator
(c) Indecator
(d) Indikator

ANSWERS

1. b, 2. d, 3. c, 4. b, 5. c, 6. d, 7. b, 8. c, 9. d, 10. d, 11. d, 12. d, 13. c, 14. c, 15. b, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. b, 27. b, 28. c, 29. c, 30. c, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. d, 36. a, 37. c, 38. b, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. b, 45. c, 46. d, 47. a, 48. b, 49. b, 50. b .

EXPLANATION

29. If the sentence in direct speech is in past perfect tense, no change in tense form is made in indirect speech. A pronoun in direct speech is changed into indirect speech to refer to the same individual as it does in direct speech.

30. The first person pronoun of reported speech is changed according to the subject of reporting verb. This rule is followed in this example.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

सर्व संसाधन सम्पन्न शालाएं

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की ओर बढ़ते कदम

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने नई शिक्षा नीति के अनुसार सर्व संसाधन सम्पन्न शालाओं की स्थापना के लिए कार्ययोजना बनाई है। इस कार्ययोजना के तहत राज्य में 9200 शालाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने वाली विश्व स्तर की 'सर्व संसाधन सम्पन्न शाला' के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रथम चरण में वर्ष 2023 तक प्रदेश भर में 350 अत्याधुनिक भौतिक अधोसंरचना, विशिष्ट चयन प्रक्रिया से चयनित स्टाफ, उच्चतम तकनीक, गुणवत्ता उन्नयन और परिवहन सुविधायुक्त शालाओं का विकास किया जाएगा।

वर्तमान में मध्यप्रदेश में बहुत सी ऐसी शालाएं हैं, जहां 60 से भी कम बच्चे पढ़ते हैं। ऐसी शालाओं के बच्चों को सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये, शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन और मध्यप्रदेश के स्कूलों को देश के अग्रणी स्कूलों के समकक्ष लाने के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की जा रही है। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि प्रदेश के सभी छात्रों को 15 किलोमीटर के भीतर कम से कम एक उच्च गुणवत्ता वाली 'सर्व संसाधन सम्पन्न शाला' उपलब्ध हो। बच्चों को सुगमतापूर्वक शालाओं तक पहुँचाने के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शालाओं में केजी से लेकर कक्षा 12वीं तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। सर्व संसाधन सम्पन्न शालाओं में अत्याधुनिक भौतिक अधोसंरचना, शत-प्रतिशत शिक्षक और सपोर्ट, सर्वसुविधायुक्त प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय के साथ स्मार्ट क्लासेस और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से स्कूली बच्चों को शिक्षित किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के अनुसार आर्थिक, सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों, विशेष रूप से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक शाला में यथासंभव एक इंग्लिश मीडियम का सेक्शन भी संचालित किया जाएगा। इन स्कूलों में माता-पिता की सक्रिय भागीदारी होगी, उन्हें सह-शिक्षक के रूप में सक्रिय किया जाएगा।

सर्व संसाधन सम्पन्न शालाओं के लिए शाला का चयन स्थानीय जिला पंचायत और जनपद पंचायतों के अनुमोदन उपरांत किया जा रहा है। प्रति जनशिक्षा केंद्र लगभग 3 शालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है ताकि भौगोलिक रूप से संपूर्ण राज्य को कवर किया जा सके। जिलों में अधिक नामांकन और बुनियादी अधोसंरचना उपलब्धता वाली शालाओं को वरीयता दी जा रही है। इस तरह कुल चयनित 9200 शालाओं में चरणबद्ध तरीके से जिला स्तर पर 52, विकासखंड स्तर पर 261, संकुल स्तर पर 3200 और ग्रामीण स्तर पर 5687 शालाओं का विकास किया जाएगा।

सर्व संसाधन सम्पन्न शालाओं के संचालन से स्कूली छात्रों के बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा से बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छे आएंगे। कक्षा 12वीं के बाद होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं और प्रतियोगिता परीक्षाओं में मध्यप्रदेश के बच्चे सफलता हासिल करेंगे। शिक्षा विभाग ने हमेशा ही स्कूली बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए नए नवाचारों को अपनाया है और स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रयास निरंतर जारी हैं। 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सफल जीवन के लिए दृढ़ संकल्पित और प्रतिबद्ध है। निश्चित ही नई शिक्षा नीति से पोषित ये भावी पीढ़ी 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' से लेकर 'आत्मनिर्भर भारत' को विश्व पटल पर गढ़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी।

केंद्रीय बजट

पीएम आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना पर खर्च होंगे 64 हजार 180 करोड़ रुपये

इन 6 स्तंभों पर आधारित हैं वर्ष 2021-22 के बजट प्रस्ताव

1. स्वास्थ्य एवं खुशहाली
2. भौतिक एवं वित्तीय पूंजी और अवसंरचना
3. आकांक्षी भारत के लिए समावेशी विकास
4. मानव पूंजी को फिर से ऊर्जावान बनाना
5. नवाचार और अनुसंधान तथा विकास
6. न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय बजट 2021-22 पेश किया, जो इस नये दशक का पहला बजट है और अप्रत्याशित कोविड संकट के मद्देनजर एक डिजिटल बजट भी है। आत्मनिर्भर भारत का विजन प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि यह दरअसल 130 करोड़ भारतीयों की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति है, जिन्हें अपनी क्षमता और कौशल पर पूर्ण भरोसा है। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तावों से राष्ट्र पहले, किसानों की आय दोगुनी करने, मजबूत अवसंरचना, स्वस्थ भारत, सुशासन, युवाओं के लिए अवसर, सभी के लिए शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, समावेशी विकास, इत्यादि का संकल्प और मजबूत होगा।

स्वास्थ्य एवं खुशहाली

- स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचागत सुविधाओं में निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है और वर्ष 2020-21 के बजट अनुमान में स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए बजट परिव्यय 2,23,846 करोड़ रुपये का है, जबकि इस साल का बजट अनुमान 94,452 करोड़ रुपये का है, जो 137 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।
- वित्त मंत्री ने घोषणा की कि 6 वर्षों में लगभग 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली एक नई केंद्र प्रायोजित स्कीम 'पीएम आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना' का शुभारंभ किया जाएगा।
- वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान में कोविड-19 वैक्सीन के लिए 35,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।
- पोषक तत्वों को बढ़ाने के साथ-साथ इनकी डिलीवरी, पहुंच एवं परिणाम को बेहतर करने के लिए सरकार पूरक पोषण कार्यक्रम और पोषण अभियान का आपस में विलय कर देगी तथा मिशन पोषण 2.0 को लॉन्च करेगी।
- वित्त मंत्री ने घोषणा की कि 2.86 करोड़ घरों में नल कनेक्शनों के साथ सभी 4378 शहरी स्थानीय निकायों में सार्वभौमिक जलापूर्ति के लिए जल जीवन मिशन (शहरी) का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही 500 अमृत शहरों में तरल अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाएगा।
- पुराने और अनुपयुक्त पाए जाने वाले वाहनों को चरणबद्ध ढंग से हटाने के लिए एक स्वैच्छिक वाहन स्क्रैप नीति की भी घोषणा की गई। निजी वाहनों के मामले में 20 साल बाद और वाणिज्यिक वाहनों के मामले में 15 साल बाद स्वचालित फिटनेस केंद्रों में फिटनेस परीक्षण कराए जाने का प्रस्ताव किया गया है।

भौतिक एवं वित्तीय पूंजी और अवसंरचना

- वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यस्था बनाने के लिए देश के विनिर्माण क्षेत्र को निरंतर दहाई अंकों में वृद्धि दर हासिल करनी होगी। हमारी विनिर्माण कंपनियों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का अभिन्न अंग बनाने, विशिष्ट क्षमता एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी हासिल करने की जरूरत है। इन सभी को हासिल करने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत के लिए विनिर्माण वैश्विक दिग्गजों को सृजित करने हेतु 13 सेक्टरों में पीएलआई स्कीम की घोषणा की गई है। इसके लिए सरकार ने अगले 5 वर्षों में लगभग 1.97 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता व्यक्त की है, जिसकी शुरुआत वित्त वर्ष 2021-22 से होगी।
- वस्त्र उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने, बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने और रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई स्कीम के अलावा 'मेगा इन्वेस्टमेंट टेक्सटाइल पार्क्स (मित्र)' नामक योजना शुरू की जाएगी। इससे 'लगाओ और चलाओ' सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय अवसंरचना का निर्माण होगा, जिससे निर्यात के क्षेत्र में वैश्विक दिग्गज अस्तित्व में आएंगे। तीन वर्षों में 7 वस्त्र पार्क स्थापित किए जाएंगे।
- वित्त मंत्री ने घोषणा की कि 5.35 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली भारतमाला परियोजना के तहत 3.3 लाख करोड़ रुपये की लागत से 13000 किलोमीटर से भी अधिक लंबी सड़कों के ठेके पहले ही दिए जा चुके हैं, जिनमें से 3800 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण हो चुका है। मार्च 2022 तक सरकार 8500 किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए भी ठेके दे देगी। इसके साथ ही सरकार 11000 किलोमीटर और लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर का निर्माण पूरा कर लेगी। सड़क अवसंरचना का और भी अधिक विस्तार करने के लिए कई और आर्थिक कॉरिडोर की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के लिए 1,18,101 लाख करोड़ रुपये का विस्तारित परिव्यय प्रदान किया है, जिसमें से 1,08,230 करोड़ रुपये संबंधित पूंजी के लिए है और जो अब तक का सर्वाधिक है।
- भारतीय रेलवे ने भारत के लिए एक राष्ट्रीय रेल योजना-2030 तैयार की है। इसके तहत वर्ष 2030 तक भविष्य के लिए तैयार रेलवे तंत्र सृजित करना है।
- बजट में रेलवे के लिए 1,10,055 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड राशि प्रदान की गई है, जिसमें 1,07,100 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए है।
- सार्वजनिक बस परिवहन सेवाओं के विस्तार में आवश्यक सहयोग देने के लिए 18000 करोड़ रुपये की लागत से एक नई योजना शुरू की जाएगी।
- कुल 702 किलोमीटर लंबी मेट्रो परिचालन में है और 27 शहरों में 1,016 किलोमीटर मेट्रो व आरआरटीएस निर्माणाधीन हैं। टियर-2 शहरों और टियर-1 शहरों के आसपास के इलाकों में कम लागत में समान अनुभव, सुविधा और सुरक्षा से युक्त मेट्रो रेल प्रणालियां उपलब्ध कराने के लिए दो नई तकनीक 'मेट्रोलाइट' और 'मेट्रोनियो' लागू की जाएंगी।
- उज्ज्वला योजना का लाभ 8 करोड़ परिवारों को पहले ही मिल चुका है और अब 1 करोड़ अतिरिक्त लाभार्थियों तक इसका विस्तार किया जाएगा।
- अगले तीन वर्ष में शहरी गैस वितरण नेटवर्क में 100 अतिरिक्त शहरों को जोड़ा जाएगा।
- जम्मू व कश्मीर संघ शासित क्षेत्र में एक गैस पाइपलाइन परियोजना शुरू की जाएगी।
- गैर भेदभावपूर्ण मुक्त पहुंच के आधार पर सभी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में सामान्य वाहक क्षमता की बुकिंग की सुविधा और समन्वय के लिए एक स्वतंत्र गैस वाहक प्रणाली परिचालक की स्थापना की जाएगी।
- श्रीमती सीतारमण ने बीमा क्षेत्र में स्वीकार्य एफडीआई सीमा 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने और आवश्यक सुरक्षा के साथ विदेशी स्वामित्व एवं नियंत्रण की अनुमति देने के लिए बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन का प्रस्ताव किया है।

आकांक्षी भारत के लिए समावेशी विकास

आकांक्षी भारत के लिए वित्त मंत्री ने समावेशी विकास के अंतर्गत कृषि एवं सहायक क्षेत्रों, किसान कल्याण और ग्रामीण भारत, प्रवासी मजदूर व श्रम और वित्तीय समावेशन को शामिल करने की घोषणा की है।

- वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सुनिश्चित कीमत उपलब्ध कराने के लिए एमएसपी व्यवस्था में व्यापक बदलाव हुआ है, जो सभी कमोडिटीज के लिए लागत की तुलना में कम से कम डेढ़ गुना हो गया है। खरीद एक निश्चित गति से निरंतर बढ़ रही है। इसके परिणाम स्वरूप किसानों को भुगतान में भी बढ़ोतरी हुई है।
- इस साल की शुरुआत में माननीय प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना की पेशकश की थी। इसके अंतर्गत गांवों में संपत्ति के मालिकों को बड़ी संख्या में अधिकार दिए जा रहे हैं। अभी तक, 1,241 गांवों के लगभग 1.80 लाख संपत्ति मालिकों को कार्ड उपलब्ध करा दिए गए हैं और वित्त मंत्री ने वित्त वर्ष 21-22 के दौरान इसके दायरे में सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव किया है।
- किसानों को पर्याप्त कर्ज उपलब्ध कराने के लिए, सरकार ने वित्त वर्ष 22 में कृषि कर्ज का लक्ष्य बढ़ाकर 16.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। इसी प्रकार, ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष के लिए आवंटन 30,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। नाबार्ड के अंतर्गत 5,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ बनाए सूक्ष्म सिंचाई कोष को दोगुना कर दिया जाएगा।
- कृषि और सहायक उत्पादों में मूल्य संवर्धन व उनके निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए की गई एक अहम घोषणा के तहत, अब 'ऑपरेशन ग्रीन योजना' के दायरे में अब 22 जल्दी सड़ने वाले उत्पाद शामिल हो जाएंगे। वर्तमान में यह योजना टमाटर, प्याज और आलू पर लागू है।
- वित्त मंत्री ने मछली पकड़ने और मछली उतारने वाले केंद्रों के विकास में पर्याप्त निवेश का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री ने कहा कि मछली पकड़ने के 5 प्रमुख केंद्रों- कोच्चि, चेन्नई, विशाखापट्टनम, पारादीप और पेटुआघाट को आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।
- न्यूनतम वेतन सभी श्रेणी के कामगारों पर लागू होंगे और वह सभी कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत आएंगे। महिलाओं को सभी श्रेणियों में तथा उचित सुरक्षा के साथ रात की शिफ्ट में भी काम करने की अनुमति दी जाएगी। इसी प्रकार कर्मचारियों पर एकल पंजीकरण, लाइसेंस प्राप्त करना और ऑनलाइन रिटर्न के साथ अनुपालनभार कम किया जाएगा।

मानव पूंजी को मजबूत बनाना

- वित्त मंत्री ने कहा कि 15000 से अधिक स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों को शामिल करके गुणवत्ता रूप से मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि एनजीओ/निजी स्कूलों/राज्यों की भागीदारी में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने एक छत्रक निकाय के रूप में एक भारतीय उच्च शिक्षा आयोग स्थापित करने का भी प्रस्ताव किया है। इसमें मानक, स्थापना, मान्यता, विनियमन और वित्त पोषण के लिए 4 अलग घटक शामिल हैं। लद्दाख में उच्च शिक्षा तक पहुंच के लिए सरकार ने लेह में केंद्रीय विश्व विद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव किया है।
- सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में 750 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

नवाचार, अनुसंधान एवं विकास

- वित्त मंत्री ने कहा कि जुलाई 2019 की अपने बजट भाषण में उन्होंने राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों के लिए एनआरएफ का परिव्यय 50 हजार करोड़ रुपये होगा। इससे पहचान किए गए राष्ट्रीय प्राथमिकता की जरूरत वाले क्षेत्रों पर ध्यान देते हुए देश में समग्र अनुसंधान इको सिस्टम को मजबूत बनाना सुनिश्चित होगा। सरकार एक नई पहल 'राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन' (एनटीएलएम) की शुरुआत करेगी। इससे प्रमुख भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराई गई शासन एवं नीति संबंधित ज्ञानरूपी दौलत इंटरनेट पर उपलब्ध होगी।
- अंतरिक्ष विभाग के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम द न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) कुछ छोटे भारतीय उपग्रहों के साथ ब्राजील से एमेजोनिया उपग्रह ले जाने वाले पीएसएलवी-सीएस51 को लॉन्च करेगा।

न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन

- वित्त मंत्री ने बजट के छः महत्वपूर्ण स्तम्भों पर जोर देते हुए न्याय को तेजी से उपलब्ध कराने के लिए पिछले कुछ वर्षों में ट्रिबुनलों में सुधार लाने के लिए अनेक कदम उठाने का प्रस्ताव किया। उन्होंने ट्रिबुनलों के कामकाज को युक्तिपूर्ण बनाने के लिए आगे उपाय करने का भी प्रस्ताव किया। उन्होंने यह घोषणा भी की कि भारत के इतिहास में आगामी जनगणना प्रथम डिजिटल जनगणना हो सकती है और इस बड़े और महत्वपूर्ण कार्य के लिए वर्ष 2021-2022 में 3,768 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
- राजकोषीय स्थिति के बारे में उन्होंने अर्थव्यवस्था पर महामारी के प्रभाव के परिणामस्वरूप एक कमजोर राजस्व अंतःप्रवाह को रेखांकित किया। उन्होंने कहा एक बार स्वास्थ्य स्थिति स्थिर होने पर लॉकडाउन धीरे-धीरे हटाया गया था। सरकारी खर्च बढ़ गया था। जिसके कारण घरेलू मांग पुनर्जीवित हुई। जिसके कारण 2020-21 के लिए 30.42 लाख करोड़ रुपये के मूल बजट अनुमान व्यय की तुलना में संशोधित अनुमान 34.50 लाख करोड़ रुपये आंके गए हैं और व्यय की गुणवत्ता बरकरार रखी गई है। संशोधित अनुमान में पूंजीगत व्यय 2020-21 में 4.39 लाख करोड़ रुपये है, जबकि 2020-21 में बजट अनुमान 4.12 लाख करोड़ रुपये रहा।

केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट सिद्ध होगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय बजट को वैभवशाली, समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जिद, जुनून और जज्बे का प्रतीक बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल की कठिन परिस्थितियों के बीच प्रस्तुत केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट सिद्ध होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आपदा को अवसर में बदलना जानते हैं। यह बजट अर्थव्यवस्था को ट्रांसफार्म करने वाला मानवीय बजट है। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। समाज का गरीब वर्ग हो या किसान, महिला सशक्तिकरण हो या नौजवानों के लिए रोज़गार के नए अवसर सृजित करने का विषय हो, केंद्रीय बजट में सभी पहलु को समाहित किया गया है।

30 जनवरी

भारतीय नौसेना ने एफएसी पोत टी-81 को किया सेवामुक्त

●भारतीय नौसेना ने सुपर डीवोरा एमके-2 श्रेणी का फास्ट अटैक क्रॉफ्ट (एफएसी)

टी-81 को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में सेवामुक्त कर दिया है। इस पोत ने भारतीय नौसेना में 20 साल से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दी हैं। 60 टन विस्थापन क्षमता और 25 मीटर लंबे इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया था। इसे 5 जून 1999 में नौसेना में शामिल किया गया था। इस पोत को विशेष रूप से उथले पानी के लिये डिजाइन किया गया था। यह पोत दिन-रात निगरानी के साथ-साथ टोह लेने, खोज तथा बचाव करने, समुद्री तट तक पहुंचने, समुद्री कमांडो को सुरक्षित निकालने तथा घुसपैठियों के जहाजों का पता लगाने में सक्षम था।

●चीन ने पाकिस्तान के लिये एक बेहतर रडार प्रणाली और लंबी दूरी की मिसाइलों से लैस एक नौसैनिक युद्धपोत तैयार किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार चीन और पाकिस्तान के बीच चार लड़ाकू युद्धपोत के निर्माण के लिये वर्ष 2017 में करार हुआ था। इस करार के तहत चीन ने अगस्त 2020 में पाकिस्तान को एक युद्धपोत दिया था। करार के तहत दूसरा युद्धपोत शंघाई शहर में तैयार किया गया है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार इस युद्धपोत से पाकिस्तान की समुद्री रक्षा क्षमता में वृद्धि होगी।

●चीन और ब्रिटेन में हांगकांग को लेकर तनातनी बढ़ गई है। ब्रिटेन ने चीन द्वारा नियंत्रित हांगकांग के लोगों को नागरिकता देने का रास्ता खोलने के लिये ब्रिटिश नेशनल ओवरसीज (बीएनओ) पासपोर्ट का प्रस्ताव दिया है। ब्रिटेन के इस प्रस्ताव से झल्लाए चीन ने कहा है कि वह इस पासपोर्ट को मान्यता नहीं देगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिआन ने कहा कि ब्रिटेन बड़ी संख्या में हांगकांग के लोगों को दूसरी श्रेणी की ब्रिटिश नागरिकता देने का प्रयास कर रहा है। यह चीन की संप्रभुता और आंतरिक मामलों में गंभीर दखल है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन भी है।

31 जनवरी

देश में अब वर्चुअल यूनिवर्सिटी बनाई जायेगी

●केंद्र सरकार उच्च शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिये लगातार प्रयास कर रही है। सरकार शिक्षा में तकनीकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिये वर्चुअल यूनिवर्सिटी बनाने की तैयारी कर रही है। इस यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिये जल्द ही आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। वर्चुअल यूनिवर्सिटी ओपन यूनिवर्सिटी की तुलना में पूरी तरह अलग होगी। वर्चुअल यूनिवर्सिटी उच्च शिक्षा में एनरोलमेंट के अनुपात के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी। इस यूनिवर्सिटी के संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं।

●रूस जल्द ही भारतीय नागरिकों के लिये सभी श्रेणियों के वीजा जारी करना शुरू करेगा। यह निर्णय रूसी कोरोना इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर के निर्णय के आधार पर लिया गया है। रूसी दूतावास द्वारा एक बयान में कहा गया कि रूसी सरकार ने भारत सहित अन्य देशों से पारस्परिक रिश्तों के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने बहाल करने का फैसला लिया है। रूसी दूतावास ने कहा कि सप्ताह में दो बार मॉस्को और नई दिल्ली के बीच उड़ानें संचालित की जायेंगी। ये हवाई सेवाएं कब शुरू होंगी, यह स्पष्ट नहीं हुआ है।

1 फरवरी

तेजस का अत्याधुनिक संस्करण अगले साल तक आ सकता है सामने

●भारत का स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस अब और उन्नत होने जा रहा है।

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष आर. माधवन ने कहा कि स्वदेशी तेजस बहुउद्देशीय विमान का अधिक शक्तिशाली और प्रभावी संस्करण अगले वर्ष तक सामने आ सकता है। उन्होंने बताया कि उन्नत तेजस विमान अधिक शक्तिशाली इंजन, अधिक आयुध क्षमता, अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई नवीन वैमानिकी प्रणालियों से लैस होगा। इस युद्धक विमान के तेज रफ्तार संबंधी परीक्षण वर्ष 2023 में शुरू होंगे। इस विमान का उत्पादन वर्ष 2025 के आसपास शुरू होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि तेजस एक इंजन वाला बहुउद्देशीय सुपरसोनिक विमान है।

●नेपाल में राजनीतिक संकट लगातार जारी है। देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और माधव कुमार ने संसद के निचले सदन को भंग करने के विरोध में धरना दिया। ये दोनों नेता नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के एक गुट का नेतृत्व कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 20 दिसम्बर 2020 को नेपाल के तात्कालिक प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने संसद के निचले सदन को भंग कर दिया था। इसके बाद से ही नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता शुरू हो गई है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ने के.पी. शर्मा ओली को पार्टी से निकाल दिया है।

●अफगानिस्तान में एक सैन्य शिविर पर हुये एक हमले में 12 सैनिकों की मौत हो गई है। अफगानी सेना के अनुसार हमले में कार बम का इस्तेमाल किया गया था। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन तालिबान ने ली है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने इस हमले में 50 सैनिकों की मौत का दावा किया है। उल्लेखनीय है कि अफगान सरकार और तालिबान के बीच क्षेत्र में शांति स्थापना के लिये वार्ता चल रही है, इस हमले से वार्ता पर असर पड़ सकता है।

2 फरवरी

भारत और अमेरिका के बीच एफ-15 ईएक्स लड़ाकू विमान सौदे पर हुई वार्ता

●भारत और अमेरिका के बीच लड़ाकू विमान एफ-15 ईएक्स के सौदे के लिये वार्ता शुरू हो गई है। यह जानकारी अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग ने दी।

बोइंग के अनुसार एफ-15 ईएक्स विमान की जानकारी अमेरिका ने भारत से साझा की है। यह विमान कई भूमिका में काम कर सकता है। यह हर मौसम और हर समय (दिन-रात) अपनी पूरी मारक क्षमता के साथ काम कर सकता है। बोइंग ने बताया कि दोनों देशों की सरकार और वायुसेनाओं के बीच इस अत्याधुनिक विमान की जानकारी पर वार्ता हुई है। अमेरिकी सरकार ने इस सौदे के लिये लाइसेंस को मंजूरी दिये जाने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

●सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक होटल के बाहर हुये आत्मघाती हमले में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल भी हुये हैं। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार एडेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप एक होटल के बाहर विस्फोटकों से भरी एक कार को हमलावरों ने होटल के गेट पर टक्कर मारी और फिर अंधाधुन गोलीबारी की। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन अल-शहाब ने ली है।

3 फरवरी

सीबीएसई ने जारी की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं की डेटशीट

●केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की बोर्ड

परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। डेटशीट के अनुसार बारहवीं और दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 4 मई से शुरू होंगी। दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 7 जून तक चलेंगी और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं का समापन 11 जून को होगा। परीक्षाओं की डेटशीट की घोषणा करते हुये केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि विद्यार्थियों को दो अलग-अलग विषयों की परीक्षाओं के बीच पर्याप्त समय मिलेगा, इससे परीक्षा के कारण होने वाला तनाव भी कम होगा। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं आमतौर पर मार्च में ही सम्पन्न हो जाती हैं, लेकिन कोरोना महामारी के कारण परीक्षाओं में विलंब हुआ है।

●ऑक्सफोर्ड लैंग्वेजेस ने आत्मनिर्भरता शब्द को वर्ष 2020 का हिन्दी वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया है। यह शब्द भाषा विशेषज्ञों के एक सलाहकार पैनल द्वारा चुना गया है। ऑक्सफोर्ड लैंग्वेजेस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस शब्द का उपयोग कोरोना महामारी से निपटने के लिये आर्थिक पैकेज की घोषणा करते समय किया था। इस दौरान उन्होंने देश को एक अर्थव्यवस्था के रूप में आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया था। उल्लेखनीय है कि ऑक्सफोर्ड लैंग्वेजेस हर साल हिन्दी वर्ड ऑफ द ईयर घोषित करता है। इससे पहले वर्ष 2017 में 'आधार', 2018 में 'नारी शक्ति' और 2019 में 'संविधान' शब्द को हिन्दी वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया गया था।

4 फरवरी

नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी सितम्बर में शुरू करेगी ऑनलाइन परीक्षा

●नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी (एनआरए) सरकारी नौकरियों की चुनिंदा कैटेगरी के

लिये ऑनलाइन टेस्ट सितम्बर 2021 से शुरू करेगी। यह जानकारी केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री डॉ. जीतेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के लिये उम्मीदवारों की स्क्रीन/शॉर्ट लिस्ट करने के लिये कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) का संचालन करेगी। उन्होंने बताया कि एजेंसी उम्मीदवारों का केवल प्रारंभिक परीक्षण करेगी। आखिरी नियुक्ति कुछ क्षेत्र विशेष परीक्षाओं के जरिये होगी, जो संबंधित एजेंसियां जैसे- एसएससी, आरआरबी और आईबीपीएस संचालित करेंगी। एनआरए द्वारा संचालित सीईटी में आये स्कोर के आधार पर उम्मीदवार संबंधित रिक्रूटमेंट एजेंसियों द्वारा संचालित क्षेत्र आधारित परीक्षा में बैठ सकते हैं।

●रूस में राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ रहा है। रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी को अदालत ने ढाई वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि नवेलनी ने वर्ष 2014 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोषी होने के बाद भी साढ़े तीन साल की सजा के दौरान जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया था। अदालत के इस फैसले के विरोध में रूस के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गये हैं। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। नवेलनी की सजा पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुये उन्हें जल्द रिहा करने की मांग की है।

5 फरवरी

सेंट्रल विस्टा एवेन्यू पर अगले साल होगी गणतंत्र दिवस परेड

●राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर क्षेत्र सेंट्रल विस्टा एवेन्यू अगले साल तक विकसित हो जायेगा। अगले साल गणतंत्र दिवस की परेड इसी एवेन्यू पर होगी। यह बात केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का भूमि पूजन करते हुये कही। श्री सिंह ने कहा कि इस एवेन्यू का आधुनिक तरीके से विकसित किया जायेगा, जहां हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक होगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सेंट्रल विस्टा एवेन्यू को बेहतर बनाने के लिये इसके पुनर्निर्माण का फैसला किया है और पुनर्निर्माण कार्य के लिये 608 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

●बुजुर्गों का पूरा ध्यान रखने के लिये केंद्र सरकार ने अटल वयो अभ्युदय योजना बनाई है। इस योजना के तहत सभी जिलों में बुजुर्गों की बेहतर देखभाल के लिये विशेषकर महिलाओं के लिये अलग से वृद्धाश्रम खोले जायेंगे। यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव आर. सुब्रह्मण्यम ने दी। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों में वृद्धजन के बेहतर इलाज के लिये केयर सेंटर भी खोले जायेंगे। ये केयर सेंटर राज्यों की राजधानियों में स्थापित किये जायेंगे। अटल वयो अभ्युदय योजना में बुजुर्गों के लिये पहले से चल रही वयोश्री योजना का विलय कर दिया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु चयन परीक्षा-2020 के संबंध में सूचना

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु भर्ती परीक्षा-2020 के ऑनलाइन आवेदन दिनांक 06.02.2021 तक भरे जाने हैं, आवेदकों के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के आवेदन पत्र भरे जाने की तिथि में वृद्धि की गई है, अतः अब आवेदन दिनांक 11.02.2021 तक भरे जा सकते हैं एवं आवेदन पत्र में संशोधन दिनांक 15.02.2021 तक किये जा सकेंगे।

● अन्य सभी शर्तें पूर्व अनुसार रहेंगी।

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
"चयन भवन" मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल 462011
फोन नं. : 0755-2578801-02, फैक्स : +91-755-2550498
Website : www.peb.mp.gov.in
विज्ञापन क्रमांक : 49/2020 संचालक
म.प्र. माध्यम/99849/45172/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department Government of Madhya Pradesh)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)- 462011
No. 2098/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 03.02.2021

NOTICE INVITING TENDER No. 928 (PMGSY-B.W)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Seoni	3	23614000/-

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **08.02.2021 17:30 hrs.** Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/99816/45165/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

वर्ष 38, अंक 06 08.02.2021 से 14.02.2021

रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

खेल चर्चा

एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष बने जय शाह

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह को एशियन क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया है। एसीसी की बैठक में जय शाह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया। वे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रमुख नजमुल हसन की जगह लेंगे। 32 वर्षीय जय शाह एसीसी अध्यक्ष बनने वाले सबसे युवा क्रिकेट प्रशासक हैं। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने ट्विटर के जरिये जय शाह को एशिया क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और कहा कि जय शाह के नेतृत्व में एसीसी नई ऊंचाइयां छूएगा। इससे पूरे एशियाई क्षेत्र के क्रिकेटरों को फायदा होगा।

रणजी ट्रॉफी की जगह विजय हजारे ट्रॉफी होगी आयोजित

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस वर्ष रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन नहीं कराने का फैसला लिया है। बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी की जगह वन-डे फॉर्मेट में खेली जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी के आयोजन की मंजूरी प्रदान की है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सभी राज्यों के क्रिकेट संघों को पत्र लिखकर निर्णय से अवगत कराया। बीसीसीआई ने राज्य संघों से विजय हजारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी में से किसी एक टूर्नामेंट के आयोजन पर राय मांगी थी, जिसमें ज्यादातर राज्य संघों ने विजय हजारे ट्रॉफी के आयोजन पर सहमति दी। बीसीसीआई ने इसके साथ ही सीनियर महिला वन-डे टूर्नामेंट के आयोजन को भी मंजूरी प्रदान की है।

पाकिस्तान ने सात विकेट से जीता कराची टेस्ट मैच

कराची, पाकिस्तान दौरे पर गई दक्षिण अफ्रीकी टीम को कराची टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान ने टेस्ट सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हराया। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 220 रन बनाये, इसके जवाब में पाकिस्तान ने फवाद आलम के शतक की बदौलत 378 रन बनाये। दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पाकिस्तान के सामने बड़ा लक्ष्य रखने की कोशिश की, लेकिन टीम 245 रन पर सिमट गई और पाकिस्तान को महज 88 रनों का आसान लक्ष्य मिला। पाकिस्तान ने 23 ओवरों में 3 विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। फवाद आलम को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

तेज गेंदबाज अशोक डिंडा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

कोलकाता, भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज अशोक डिंडा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। डिंडा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत के लिये खेलना सबका सपना होता है। मैं बीसीसीआई को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे भारत के लिये खेलने का मौका दिया। डिंडा ने बीसीसीआई को ई-मेल भेजकर अपने फैसले से अवगत कराया। डिंडा ने भारत के लिये 13 वन-डे और 9 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। डिंडा ने वन-डे में 12 तथा ट्वेंटी-20 में 17 विकेट लिये हैं। अशोक डिंडा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में काफी सफल रहे हैं। डिंडा ने 116 प्रथम श्रेणी मैचों में 420 विकेट लिये हैं।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

न्यूजीलैंड ने फाइनल में बनाई जगह

दुबई, न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। आईसीसी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के फाइनल में पहुंचने की घोषणा अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर की।

ऑस्ट्रेलिया के हटने से न्यूजीलैंड को फायदा

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने खिलाड़ियों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरा रद कर दिया है। सीए ने यह फैसला दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नये वेरिएंट की पुष्टि होने के बाद लिया है। सीए के इस फैसले का सीधा फायदा न्यूजीलैंड को मिला है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक गणित के हिसाब से न्यूजीलैंड का शीर्ष-दो में होना सुनिश्चित हो गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया का फाइनल में पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में अभी भारत शीर्ष स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड दूसरे तथा ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर काबिज है। ऑस्ट्रेलिया को चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बड़े अंतर से जीत दर्ज करना जरूरी था, लेकिन दौरा रद होने से ऑस्ट्रेलिया का फाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। ऑस्ट्रेलिया को फिलहाल कोई भी सीरीज नहीं खेलनी है।

भारत है प्रबल दावेदार

भारत को शुरू से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारत अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। भारत के अलावा इंग्लैंड भी फाइनल में जगह बनाने के नजदीक है। टेस्ट सीरीज भारत में खेली जा रही है, जिसमें भारत का पलड़ा भारी होने के आसार हैं। भारत यदि इस सीरीज को जीत लेता है, तो उसका फाइनल खेलना तय हो जायेगा।

ऐसा है अंक गणित

आईसीसी के अंक गणित के अनुसार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल के लिये भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दावेदार हैं। इनमें से कौन-सी टीम फाइनल खेलेगी, इसका निर्णय भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही चार मैचों की टेस्ट सीरीज से होगा। भारत को फाइनल मैच में जगह बनाने इस सीरीज को 2-0 या 2-1 या 3-0 या 3-1 या 4-0 से जीतना होगा, वही इंग्लैंड को फाइनल का टिकट हासिल करने के लिये 3-0 या 3-1 या 4-0 से सीरीज जीतनी होगी। इस सीरीज के ड्रा होने पर ऑस्ट्रेलिया को फायदा होगा और उसे फाइनल में जगह मिल जायेगी। इसके अलावा भारत सीरीज को 1-0 से जीतता है या इंग्लैंड सीरीज में 1-0 या 2-0 या 2-1 से जीत दर्ज करता है, तब भी ऑस्ट्रेलिया फाइनल में प्रवेश कर जायेगा।

पदक विजेता खिलाड़ियों की पुलिस में होगी सीधी भर्ती

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के पदक विजेता खिलाड़ियों की प्रदेश सरकार पुलिस विभाग में सीधी भर्ती करेगी। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 60 पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी। इनमें 10 पद उपनिरीक्षक के और 50 पद कांस्टेबल के रहेंगे। डॉ. मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ओलिंपिक, एशियाड और कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने पर सीधे उप निरीक्षक के पद पर नियुक्ति दी जायेगी। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के पदक विजेता खिलाड़ियों को कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति दी जायेगी। उन्होंने बताया कि उक्त स्तर पर दिव्यांगजनों के लिये आयोजित प्रतियोगिताओं के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी लाभ दिया जायेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि उपरोक्त पदों की भर्ती के लिये खिलाड़ियों के पास वांछित शैक्षणिक अर्हता का होना आवश्यक है।

खिलाड़ियों को मिलेंगी थ्री स्टार होटल जैसी सुविधाएं

नई दिल्ली, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खिलाड़ियों को थ्री स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिये साई 100 करोड़ रुपये खर्च करेगा। यह निर्णय साई की 54वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया गया। साई के अनुसार बैंगलुरु और दिल्ली में खिलाड़ियों के लिये हॉस्टल बनाये जायेंगे।

तमिलनाडु ने जीती सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

अहमदाबाद, दिनेश कार्तिक की अगुवाई वाली तमिलनाडु की टीम ने भारत की लोकप्रिय घरेलू ट्वेंटी-20 प्रतियोगिता सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में तमिलनाडु ने बड़ौदा को सात विकेट से हराया।

टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली बड़ौदा की टीम फाइनल मैच में प्रभावहीन रही। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये बड़ौदा की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 120 रन ही बना सकी। बड़ौदा के 6 विकेट महज 36 रन के स्कोर पर गिर गये। इसके बाद विष्णु सोलंकी (49) और अतित सेठ (29) ने पारी को संभाला। इनके अलावा अन्य बल्लेबाज जल्द आउट हो गये। तमिलनाडु के लिये मणिमारन सिद्धार्थ ने सर्वाधिक चार विकेट लिये।

जीत के लिये मिले 121 रनों के लक्ष्य को तमिलनाडु ने आसानी से हासिल कर लिया। तमिलनाडु ने 18 ओवर में 3 विकेट खोकर ही जीत हासिल कर ली। तमिलनाडु के लिये सी हरि निशांत ने 35, बाबा अपराजीत ने 29 तथा दिनेश कार्तिक ने 22 रन बनाये।

- **तमिलनाडु ने दूसरी बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती है।**
- **इससे पहले तमिलनाडु ने वर्ष 2006-07 में टूर्नामेंट का पहला सत्र जीता था।**
- **तमिलनाडु के अलावा बड़ौदा, गुजरात और कर्नाटक ने 2-2 बार जीती है सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी।**

मध्यप्रदेश की खिलाड़ी मनीषा कीर ने देश को दिलाया कांस्य पदक

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की प्रतिभावान खिलाड़ी मनीषा कीर ने दिल्ली से ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप में भागीदारी करते हुए कुवैत में आयोजित फर्स्ट एशियन ऑनलाइन शूटिंग चैम्पियनशिप में देश को कांस्य पदक दिलाया। मनीषा ने यह पदक वूमेन ट्रैप इवेंट में प्रदर्शन करते हुए 136 अंकों के साथ अर्जित किया। कुवैत शूटिंग फेडरेशन द्वारा फर्स्ट एशियन ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

खिलाड़ी बेटी पर गर्व

शूटिंग अकादमी पहुंची खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया से अकादमी की खिलाड़ी मनीषा कीर ने सौजन्य भेंट की और उन्हें अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। खेल मंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए हरसंभव प्रयास करते हुए उन्हें ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। मनीषा कीर की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि कोरोना जैसी बीमारी भी हमारे खिलाड़ियों के हौसले को दबा नहीं सकती।

मनीषा ने अब तक देश को दिलाए हैं 11 पदक

मत्स्य पालक की बेटी मनीषा कीर ने वर्ष 2013 में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में प्रवेश लिया और शूटिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक श्री मनशेर सिंह के मार्गदर्शन में शॉटगन खेल का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। शूटिंग में अपना कॅरियर बनाने वाली मनीषा ट्रैप इवेंट की प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक दो स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य सहित 11 पदक देश को दिलाए हैं। मनीषा ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं में 21 स्वर्ण, 6 रजत एवं 6 कांस्य पदक इस प्रकार कुल 33 पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

आईसीसी

हर महीने चुनेगी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब हर महीने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी चुनेगी। आईसीसी ने कहा कि क्रिकेट में शानदार खेल दिखाने वाले प्लेयर को हर माह प्लेयर ऑफ द मंथ दिया जायेगा। यह पुरस्कार क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में से हर महीने एक सर्वश्रेष्ठ पुरुष और एक महिला खिलाड़ी को दिया जायेगा।

अवॉर्ड के लिये खिलाड़ियों का चुनाव आईसीसी की स्वतंत्र कमेटी करेगी। इस कमेटी में पूर्व खिलाड़ी, ब्रॉडकास्टर्स और दिग्गज खेल पत्रकार शामिल होंगे। आईसीसी के महाप्रबंधक ज्योक एलार्डिस ने बताया कि हर महीने अवॉर्ड की सूची में शामिल खिलाड़ियों के लिये आईसीसी कमेटी के सदस्य वोटिंग कर विजेता चुनेंगे। इस अवॉर्ड के लिये महीने की पहली तारीख से लेकर आखिरी तारीख तक खिलाड़ी के मैदान में प्रदर्शन और ओवरऑल अचीवमेंट के आधार पर चयन किया जायेगा। विजेता का नाम प्रत्येक महीने के दूसरे सोमवार को घोषित किया जायेगा। कमेटी दोनों वर्गों के अवॉर्ड के लिये तीन-तीन खिलाड़ियों को नामांकित करेगी। नामांकित खिलाड़ियों के लिये आईसीसी वोटिंग एकेडमी और विश्वभर में प्रशंसकों द्वारा वोटिंग की जायेगी।

ऋषभ पंत हुये नामांकित

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये नामांकित किया गया है। इस अवॉर्ड के लिये इंग्लैंड के जो रूट और आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग को भी नामित किया गया है। पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में 97 रनों की पारी खेल मैच ड्रॉ कराने में सफल रहे थे तथा गाबा टेस्ट में 89 रनों की मैच विजेता पारी खेली थी। जो रूट ने श्रीलंका दौरे पर दो शतक लगाकर सीरीज जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। वहीं स्टर्लिंग ने अफगानिस्तान के खिलाफ वन-डे सीरीज में दो शतक लगाये थे।

- **आईसीसी खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द ईयर तथा प्लेयर ऑफ द डिकेड अवॉर्ड भी देती है।**
- **महिला वर्ग में मैरिजेन कैप, शबनम इस्माइल और डायना बेग को प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये नामांकित किया गया है।**

ब्रूस ऑक्सेनफोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

दुबई, ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने अंपायर ब्रूस ऑक्सेनफोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। ऑक्सेनफोर्ड ने एक बयान में कहा कि मैं बतौर अंपायर अपने अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर को गर्व से देखता हूं। मैंने अपने 15 वर्षों के अंपायरिंग कॅरियर में 200 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की है। मैंने कभी इतने लंबे कॅरियर की कल्पना नहीं की थी। 60 वर्षीय ऑक्सेनफोर्ड ने वर्ष 2006 में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच ट्वेंटी-20 मैच के दौरान अंपायरिंग कॅरियर शुरू किया था। ऑक्सेनफोर्ड को वर्ष 2012 में आईसीसी के एलीट पैनल में शामिल किया गया था। ब्रूस ऑक्सेनफोर्ड 62 टेस्ट मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में खेला गया गाबा टेस्ट उनके कॅरियर का आखिरी मैच था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

खबर लहरिया पर बने

वृत्तचित्र ने जीता अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

दलित महिलाओं द्वारा संचालित किए जाने वाले एकमात्र समाचार-पत्र 'खबर लहरिया' पर बनाए गए वृत्तचित्र 'राइटिंग

- **भारत के बुंदेलखंड इलाके में चलने वाले खबर लहरिया समाचार-पत्र पर बने वृत्तचित्र 'राइटिंग विद फायर' का निर्देशन रिंटू थॉमस और सुष्मित घोष ने किया है।**

विद फायर' ने सनडांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड जीता है। यह पुरस्कार वर्ल्ड सिनेमा डॉक्यूमेंटरी कैटेगरी में ऑडियंस अवॉर्ड के तौर पर दिया गया है।

'चौरी चौरा' शताब्दी समारोह

जिस सामूहिक ताकत ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया, वही ताकत भारत को दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनाएगी : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिले के चौरी चौरा में 'चौरी-चौरा' शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने चौरी चौरा के शताब्दी समारोह को समर्पित एक डाक टिकट भी जारी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बहादुर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि चौरी-चौरा में दिए गए बलिदान ने देश के स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि चौरी चौरा में सौ साल पहले हुई यह घटना केवल आगजनी की घटना नहीं थी बल्कि चौरी चौरा का संदेश बहुत व्यापक था। यह आगजनी की घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण थे, ये सब समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि चौरी-चौरा के साथ-साथ हर गांव पूरे वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में इस घटना के वीर बलिदानियों को याद करेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से बाबा राघवदास और महामना मदन मोहन मालवीय के प्रयासों को स्मरण करने का अनुरोध किया, जिनके कारण इस विशेष दिन लगभग 150 स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी पर चढ़ने से बचा लिया गया था। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता

जाहिर की कि इस अभियान में छात्र भी शामिल थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस सामूहिक ताकत ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया, वही ताकत भारत को दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति भी बनाएगी। सामूहिकता की यही शक्ति आत्मनिर्भर भारत अभियान का आधार है। उन्होंने कहा कि कोरोना की इस अवधि के दौरान भारत ने 150 से अधिक देशों के नागरिकों की मदद के लिए आवश्यक दवाइयां भेजी हैं। भारत मानव जीवन को बचाने के लिए अनेक देशों को वैक्सीन दे रहा है, ताकि हमारे स्वतंत्रता सेनानी इस बात पर गर्व कर सकें। हाल के बजट के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट कोरोना महामारी के कारण पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के प्रयासों को एक नया बल प्रदान करेगा। सरकार ने देश के तीव्र विकास के लिए अधिक राशि खर्च करने का निर्णय लिया है। यह खर्च सड़कों, पुलों, रेलवे लाइनों, नई ट्रेनों और बसों, बाजारों और मंडियों के साथ कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए होगा। इस बजट ने हमारे युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा और बेहतर अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया है। इन गतिविधियों से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को राष्ट्रीय प्रगति का आधार बताते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 6 वर्षों में किसानों के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महामारी की परेशानियों के बावजूद किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन अर्जित किया। बजट में किसानों के सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए गए हैं। किसानों के लिए फसलों की बिक्री को आसान बनाने के लिए एक हजार मंडियों को ई-नाम से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीण बुनियादी ढांचा निधि को बढ़ाकर 40 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। इन उपायों से किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और कृषि लाभकारी होगी। स्वामित्व योजना से गांवों के लोगों को उनकी भूमि और आवासीय संपत्ति के स्वामित्व के दस्तावेज उपलब्ध होंगे। उचित दस्तावेजों से उन्हें अपनी संपत्ति का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा और परिवारों को बैंक क्रेडिट से भी मदद मिलेगी तथा उनकी भूमि अतिक्रमणकारियों से भी सुरक्षित होगी।

म्यांमार

तख्तापलट कर सेना ने सत्ता अपने हाथ में ली

भारत के पड़ोसी देश 'म्यांमार' में तख्तापलट कर सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया है। सेना ने देश की स्टेट काउंसलर

- **खुद को राष्ट्रपिता कहने वाली सेना ने 1 साल के लिए आपातकाल लगाया।**
- **इंटरनेट सेवा बंद, हर तरफ सैनिक गश्त।**

आंग सान सू की, प्रेसीडेंट विन मिंट सहित कई वरिष्ठ नेताओं और अफसरों को हिरासत में ले लिया। देश की सत्ता अब कमांडर-इन-चीफ ऑफ डिफेंस सर्विसेज मिन आंग हलाइंग के हाथ में रहेगी। देश के पहले वाइस प्रेसिडेंट माइंट स्वे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया है।

ज्ञात रहे कि म्यांमार में 2011 में लोकतंत्र बहाल हुआ था। उसके पहले

लगभग 50 सालों तक देश में सैन्य तानाशाही थी। साल 1962 में जनरल विन ने तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। म्यांमार में तख्तापलट के बाद लागू सैन्य शासन का भारी विरोध शुरू हो गया है। सबसे बड़े शहर यंगून में हजारों की संख्या में लोगों ने हॉर्न बजा कर, बर्तन बजा कर विरोध दर्ज करवाया। म्यांमार के 30 शहरों के 70 अस्पतालों में चिकित्सकों और कर्मचारियों ने इस सैन्य कार्रवाई का विरोध किया।

भारत सैन्य आधुनिकीकरण पर 130 अरब डॉलर खर्च करेगा

भारत सैन्य क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए तकरीबन 130 अरब डॉलर खर्च करने जा रहा है। रक्षा

- **वायुसेना को 83 हल्के तेजस लड़ाकू विमानों से लैस करने के लिए 48 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर औपचारिक मुहर लगाई गई।**

मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने बताया कि अगले कुछ सालों में रक्षा क्षेत्र में यह राशि खर्च की जाएगी। घरेलू रक्षा उत्पादन इकाइयों को अधिक बड़ा मंच बनाने की पुरजोर कोशिश भारत कर रहा है। बेंगलुरू के येलहांका एयरपोर्ट स्टेशन पर एयरो इंडिया-2021 के उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 से रक्षा क्षेत्र में कई सुधार किए गए ताकि रक्षा क्षेत्र में निर्यात, एफडीआई और ऑफसेट बिक्री के लिए बेहतर वातावरण

निर्मित हो सके।

अमेरिका, उत्तर कोरिया और रूस पर लगाएगा प्रतिबंध

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने कहा है कि जल्द ही उनका देश रूस और उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंध लगा सकता है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया है कि ये प्रतिबंध किस तरह के होंगे। ब्लिंकेन ने कहा कि

रूस के विपक्षी नेता नवलनी की गिरफ्तारी और उसके बाद हुए प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई से वह चिंतित हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण का वायदा न निभाने पर कार्रवाई की जायेगी।

दक्षिण चीन सागर में

तैनात नौसैनिक हो रहे मानसिक बीमार

चीन का दक्षिण चीन सागर में तैनात हर पांचवा नौसैनिक मानसिक बीमारी से जूझ रहा है। शंघाई के नौसैनिक चिकित्सकीय विश्वविद्यालय की ओर से 500 नौसैनिक और अधिकारियों पर किए गए अध्ययन में यह बातें सामने आयी हैं। अध्ययन के अनुसार चीन के नौसैनिक गंभीर मानसिक बीमारियों के चलते नौसेना रक्षा कार्य में असमर्थ साबित हो रहे हैं। चीन की नौसेना के पनडुब्बी बल में कार्यरत, विशेष रूप से दक्षिण चीन सागर में तैनात

नाभिकीय पनडुब्बियों में कार्यरत सैनिकों पर अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला गया है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में चीन ने दक्षिण चीन सागर में अपनी नौसेना की तैनाती बढ़ा दी है।

वियतनाम में फू त्रांग फिर से पार्टी प्रमुख बने

वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने न्गुएन फू त्रांग को फिर से अपना प्रमुख निर्वाचित किया है। फू त्रांग का कार्यकाल अगले 5 वर्ष रहेगा। यह

उनका तीसरा कार्यकाल है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए हनोई में 13वें नेशनल पार्टी अधिवेशन में उन्हें चुना गया। ज्ञात रहे कि वियतनाम एक दलीय कम्युनिस्ट राष्ट्र है, इसलिए पार्टी के नेता लगभग स्वतः ही सरकार का नेतृत्व प्राप्त करते हैं।

हेलीकॉप्टर 'विभ्रम' दुश्मनों की निगरानी करेगा

स्वदेशी हेलीकॉप्टर 'विभ्रम' को आईआईटी कानपुर की इंक्यूबेटेड कंपनी एंड्योर एयर ने तैयार कर लॉन्च कर दिया है। एंड्योर एयर के निदेशक प्रोफेसर अभिषेक ने बताया कि 'विभ्रम' सेना और एनडीआरएफ द्वारा काफी पंसद किया जा रहा है। विभ्रम का वजन सात किलोग्राम है और यह 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से 11 हजार 500 फिट की ऊंचाई पर जा सकता है। यह लगातार चार घंटे तक की उड़ान भर सकता है। इसके साथ 5 किलोग्राम तक भारी वस्तु को 50

किलोमीटर तक ले जा सकते हैं। यह स्टील्थ तकनीक (रडार या अन्य उपकरणों की पकड़ में न आने वाला) पर आधारित है। इस हल्के हेलीकॉप्टर का ट्रायल पहाड़ी और दूरदराज के क्षेत्रों में कोरोना वैक्सीन पहुँचाने के लिए किया जा सकेगा।

आव्रजन नीति

ट्रंप की नीतियों को बाइडेन ने बदला

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की समाप्ति के बाद बाइडेन सरकार ने नई नीतियों की घोषणा करना शुरू कर दिया है। इसी के

- **मौजूदा नीतियों की समीक्षा बाइडेन प्रशासन के 60 से 180 दिनों के निर्धारित कार्य एजेंडे का हिस्सा है।**

तहत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो ट्रंप प्रशासन की आव्रजन नीतियों को पलट देंगे। ट्रंप के समय पास हुए कानून के कारण अवैध रूप से घुसे विदेशी नागरिकों के बच्चों को उनके परिवारों से अलग कर दिया जाता था। नये आदेशों पर जो बाइडेन ने कहा कि ये आदेश निष्पक्ष, व्यवस्थित और मानवीय कानूनी आव्रजन प्रणाली

सुनिश्चित करेंगे। बाइडन ने कहा कि अमेरिका के पास निष्पक्ष, व्यवस्थित और मानवीय कानूनी आव्रजन प्रणाली होने से देश अधिक मजबूत, सुरक्षित और संपन्न होगा। गौरतलब है कि अवैध आव्रजन को रोकने के प्रयास से ट्रंप प्रशासन की नीतियों के तहत अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर बिना दस्तावेज वाले वयस्कों को उनके बच्चों से अलग कर दिया गया था। इस नीति के तहत कई परिवार अलग हो गए थे।

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-बहरीन संयुक्त कार्य समूह की पहली बैठक संपन्न

भारत और बहरीन के बीच अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह की पहली वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। बहरीन प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सस्टेनेबल एनर्जी अथॉरिटी के अध्यक्ष एच.ई. डॉ. अब्दुल हुसैन बिन अली मिर्जा ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एच.ई. श्री दिनेश दयानंद जगदाले ने किया। बैठक में दोनों पक्षों ने जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अक्षय ऊर्जा के महत्व को रेखांकित किया और अपनी सरकारों द्वारा निर्धारित किए गए प्रयासों, प्रगति और भविष्य के लक्ष्यों के साथ-साथ इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों को प्रस्तुत किया। बहरीन प्रतिनिधिमंडल

अपना अनुभव, विशेषज्ञता और कार्यप्रणाली को साझा करने पर सहमत हुआ। दोनों प्रतिनिधिमंडल ने क्षमता विस्तार में आपसी सहयोग को बढ़ाने पर सहमति दी और संबंधित एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इसके साथ ही इस क्षेत्र में विशेष रूप से सौर, पवन और स्वच्छ हाइड्रोजन के क्षेत्र में दोनों देशों के निजी क्षेत्र के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि भारत और बहरीन के बीच जुलाई 2018 में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।